वर्ष-14 - अंक 134
पृष्ट-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
रविवार ,23 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

'केमिस्ट्री ऑफ सीमेंट एंड ब्लेंडेड सीमेंट के उपयोग'............ 3 | अतिक्रमण का जाल और रेंगती आम आदमी की जिंदगी...................... 4 | ट्रैप कार्यवाही को अनुचित बताते लेखपालों ने दिया धरना.................. 08

# महंगी चीनी के लिए एथनॉल नहीं, जमाखोरी और कृत्रिम कमी जिम्मेदार

## महंगी चीनी के लिए एथनॉल नहीं, ये है कीमतें बढ़ने की असली वजह



**नई दिल्ली।** देश में चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण दिया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के इस्तेमाल को कीमतों में हालिया तेजी का कारण मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि देश में घरेलू जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त चीनी उपलब्ध है, इसके बावजूद बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाई जा रही हैं। सरकार ने राज्यों को जमाखोरी, कालाबाजारी और सट्टेबाजी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चीनी की औसत खुदरा कीमत 20 जुलाई को करीब 48 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो बढ़कर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, मिल स्तर पर कीमत सात से दस दिनों में करीब 47-48 रुपये से बढ़कर 62 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। खाद्य सचिव ने इतनी कम अवधि में हुई इस तेज वृद्धि को अनुचित बताया।

संजीव चोपड़ा ने कहा कि चीनी की कीमतों में हालिया तेजी को एथनॉल उत्पादन से जोड़ना सही नहीं है। चालू विपणन वर्ष में एथनॉल उत्पादन के लिए करीब 28 लाख टन चीनी का इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने बताया कि एथनॉल उत्पादन में अब चीनी की हिस्सेदारी सीमित है और बड़ी मात्रा में एथनॉल मक्का जैसे अनाज से तैयार किया जा रहा है। सरकार के मुताबिक 2025-26 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन पहले अनुमानित 343 लाख टन से घटकर करीब 306 लाख टन रहने का अनुमान है। गन्ने की फसल में रोग और अधिक बारिश से जलभराव को उत्पादन में कमी का प्रमुख कारण बताया गया है। इसके बावजूद देश में चीनी की सालाना मांग करीब 280-285 लाख टन है। सितंबर 2026 के अंत तक देश में 33-35 लाख टन चीनी का भंडार रहने का अनुमान है। सरकार का कहना है कि उपलब्धता पर्याप्त होने के बावजूद बाजार में कृत्रिम कमी पैदा करना चिंता का विषय है। बाजार में आपूर्ति बनाए रखने के लिए सरकार ने 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। इसके अलावा कारोबारियों और कोल्ड ड्रिंक तथा आइसक्रीम जैसे उत्पाद बनाने वाले थोक उपभोक्ताओं के लिए भंडारण सीमा लागू की गई है। सरकार कारोबारियों की मौजूदा 400 टन की भंडारण सीमा को और कम करने पर भी विचार कर रही है। एक सितंबर से थोक उपभोक्ताओं को 15 दिन की खपत से अधिक चीनी रखने की अनुमति नहीं होगी।

**अक्टूबर में बढ़ेगी चीनी की उपलब्धता**

सरकार के अनुसार चीनी मिलों में इस वर्ष करीब 15 अक्टूबर से पेराई सत्र शुरू होने की उम्मीद है। इससे अक्टूबर में करीब 10-12 लाख टन अतिरिक्त चीनी बाजार में उपलब्ध हो सकती है। सरकार ने प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों को जमाखोरों, कालाबाजारियों और सट्टेबाजों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मानना है कि इन कदमों से बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ेगी और त्योहारी मौसम के दौरान आपूर्ति को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों को अनुचित मुनाफाखोरी से बचने और बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने की चेतावनी दी है।

# गोरखालैंड पर हलचल तेज, अमित शाह की विशेष कमेटी गठित

## अमित शाह की पहाड़ी नेताओं संग बैठक के बाद लिया गया फैसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर बंगाल के अपने दौर के तीसरे और अंतिम दिन शनिवार को दार्जिलिंग की पहाड़ियों की तलहटी में स्थित सुकना के एक होटल में पर्वतीय नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें पहाड़ी इलाकों से जुड़े कई पुराने मुद्दों और मांगों को सुलझाने को लेकर बातचीत हुई। इस बैठक में अमित शाह के अलावा पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और पहाड़ी इलाकों के कई नेता शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि बैठक में संवैधानिक ढांचे के तहत दार्जिलिंग पहाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के 'स्थायी राजनीतिक समाधान' तलाशने के मुद्दे पर चर्चा हुई माना जा रहा है कि बैठक में बीजेपी के चुनावी वादे के तहत गोरखा समुदाय और पर्वतीय क्षेत्रों के अन्य निवासियों के लिए 'स्थायी राजनीतिक समाधान' के मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा हुई है. गोरखा समुदाय और क्षेत्र के लोग कई दशकों से अलग गोरखालैंड राज्य की मांग करते रहे हैं। पिछली राज्य सरकारों ने दार्जिलिंग गोरखा हिल काउंसिल (डीजीएचसी) और



गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से इस मुद्दे के समाधान का प्रयास किया था, लेकिन इन पहलों से क्षेत्र में लंबे समय तक शांति, आर्थिक समृद्धि और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित नहीं हो सकी। हालांकि अलग गोरखालैंड की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से इनकार किया है. उन्होंने कहा कि वह अभी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। वहीं, बैठक में मौजूद अन्य नेताओं की ओर से भी इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट बयान नहीं आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके की समस्याओं को हल करने के लिए एक खास कमेटी बनाने का फैसला किया गया है। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा ने घोषणा की कि पहाड़ी इलाकों की पुरानी समस्याओं से निपटने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। पंकज कुमार सिंह इस कमेटी के लिए मध्यस्थ के तौर पर काम करेंगे। उन्हें पहले केंद्र ने यह जिम्मेदारी सौंपी थी। इस नई कमेटी में पहाड़ी इलाकों के राजनीतिक और सामाजिक नेता भी शामिल होंगे, जो इलाके के विभिन्न मुद्दों, मांगों और उनसे जुड़े मामलों को हल करने पर काम करेंगे।

**संवैधानिक नियमों के अनुसार तलाशा जाएगा समाधान**

वहीं, गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के नेता रोशन गिरी ने भी कहा कि केंद्र के सामने पहाड़ी इलाकों के मुद्दे रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी के जरिए इलाके की पुरानी मांगों और समस्याओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नियमों के अनुसार समाधान तलाशा जाएगा। इस तरह, पहाड़ी इलाकों के राजनीतिक हलके अब बारीकी से देख रहे हैं कि इस नई कमेटी के जरिए इलाके की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में कितनी प्रगति होती है।

# एनालॉग पनीर परोसने वाले रेस्टोरेंट को हाईकोर्ट से राहत नहीं



**मुंबई।** महाराष्ट्र में प्रतिबंधित 'एनालॉग पनीर' परोसने के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की कार्रवाई को बॉम्बे हाईकोर्ट का समर्थन मिला है। ठाणे के एक रेस्टोरेंट ने एफडीए द्वारा लाइसेंस निलंबित किए जाने के खिलाफ अदालत का रुख किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने उसे अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखाड की पीठ ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि ग्राहकों को प्रतिबंधित खाद्य पदार्थ खिलाने वाले रेस्टोरेंट को भी कुछ समय तक कार्रवाई का सामना करना होगा। अदालत ने 'काव्यात्मक न्याय' का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसने दूसरों को परेशानी दी है, उसे भी उसके परिणाम भुगतने होंगे।

रेस्टोरेंट ने एफडीए के 11 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश के तहत प्रतिबंधित एनालॉग पनीर परोसने के आरोप में उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। रेस्टोरेंट की ओर से दलील दी गई कि लाइसेंस निलंबित करने से पहले उसे सुधार संबंधी नोटिस दिया जाना चाहिए था। अदालत ने फिलहाल इस दलील पर अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और एफडीए को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई सात सितंबर को होगी।

क्या है एनालॉग पनीर?

एनालॉग पनीर पारंपरिक दूध से बने पनीर का गैर-डेयरी विकल्प है। इसे आमतौर पर वनस्पति तेल, स्टार्च, इमल्सीफायर और अन्य पदार्थों की मदद से तैयार किया जाता है। यह सामान्य पनीर की तुलना में सस्ता होता है और इसकी पोषण संरचना भी अलग होती है। महाराष्ट्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं के मद्देनजर एनालॉग या गैर-डेयरी पनीर के निर्माण और बिक्री पर एक साल का प्रतिबंध लगाया है। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। अदालत की सख्त टिप्पणी और एफडीए की कार्रवाई के बाद खाद्य पदार्थों में मिलावट तथा प्रतिबंधित उत्पादों के इस्तेमाल को लेकर रेस्टोरेंट संचालकों के बीच भी चिंता बढ़ गई है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में बायोमेडिका 2026 की शुरुआत, दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

## क्लीनिकल साइंटिस्ट्स का 7 वां राष्ट्रीय सम्मेलन, विषय- एकीकृत अनुसंधान से क्लीनिकल उत्कृष्टता

**लखनऊः** बेसिक मेडिकल साइंसेज में अनुसंधान पर क्लीनिकल साइंटिस्ट्स के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन, बायोमेडिका 2026 के पहले दिन का आयोजन आज जानकीपुरम विस्तार स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय (न्यू कैंपस) के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नेशनल एम.एससी. मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एनएमएमटीए) द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है।

इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'बेसिक मेडिकल साइंसेज में एकीकृत अनुसंधान के माध्यम से क्लीनिकल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना' है। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी के नेतृत्व में आयोजन इस कार्यक्रम का सफल संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी के कुशल नेतृत्व में किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक और आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सम्मेलन के वैज्ञानिक और लॉजिस्टिकल ढांचे को संभाला, तथा एनएमएमटीए के आयोजन सचिव डॉ. सुखेस मुखर्जी ने दिन के कार्यक्रम का समन्वय किया।

**प्रेरणादायक उद्घाटन सत्र** सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत एक उद्घाटन सत्र के साथ हुई जिसमें देश भर से आए गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य, शोधकर्ता और प्रतिनिधि शामिल हुए। निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने क्लीनिकल प्रथाओं को आगे बढ़ाने में बेसिक मेडिकल साइंसेज में एकीकृत अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. एस.पी. सिंह, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अंतःविषय अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डाला। एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने विशिष्ट सम्मानित अतिथि के रूप में सभा को संबोधित किया।

क्र उद्घाटन के बाद, एनएमएमटीए के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीधर राव पीएन ने प्रतिनिधियों को 'एएमआर इंडिया प्रोजेक्ट' से परिचित कराया और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस अनुसंधान के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंसेज के अध्यक्ष प्रोफेसर वी. एन. खन्ना द्वारा 'अनुसंधान कदाचारः प्रकार, कारण और परिणाम' विषय पर प्लेनरी व्याख्यान दिया गया। पहले दिन ओरल प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें प्रतिनिधियों ने बेसिक और क्लीनिकल मेडिकल साइंसेज से जुड़े अपने मूल शोध को प्रस्तुत किया। सम्मेलन का दूसरा दिन 23 अगस्त 2026 को आयोजित होगा, जिसमें कई प्लेनरी व्याख्यान, कीनोट एड्रेस, सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस पुरस्कार और डायग्नोस्टिक्स व थेराप्यूटिक्स के भविष्य पर पैनल चर्चा होगी।

# पीएम पोषण रसोइयों को सम्मानित करेंगे सीएम योगी



**मुख्यमंत्री के हाथों मंच पर 11 रसोइए होंगे सम्मानित, सभी जनपदों और तहसील स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम**

**लखनऊः** जो हाथ हर दिन विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार कर उनके पोषण और स्वास्थ्य को मजबूती देते हैं, योगी सरकार अब उन्हीं हाथों के श्रम को सम्मान के साथ सुविधा देने जा रही है। पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों के योगदान को केंद्र में रखते हुए आज 23 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के जुपिटर सभागार में सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि पीएम पोषण रसोइए बच्चों के पोषण और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं। योगी सरकार उनके सम्मान, सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में उनके हाथों मंच पर 11 रसोइयों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि प्रदेशभर से 1500 रसोइयों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। खास बात यह है कि इसी दिन जनपद एवं तहसील स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देशों के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करने और आपसी समन्वय से आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के राजकीय, परिषदीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ जनपद एवं तहसील स्तर पर भी रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें सांसद, मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मंच पर 11 रसोइयों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 1500 रसोइयों को कार्यक्रम में सहभागी बनाया जाएगा। रसोइयों को कैशलेस कार्ड उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। भोजन तैयार करने के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेड कवर, ग्लव्स एवं एप्रन किट उपलब्ध कराने की तैयारी है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पीएम पोषण योजना की उपलब्धियों और रसोइयों के योगदान पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। योजना की उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट, पोस्टर और फ्लेक्स के माध्यम से भी उपलब्धियों को सामने लाया जाएगा।

# नालियों पर ढक्कन लगाने की मांग



**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** अकबरनगर वार्ड की सभासद शमा आरा ने थाना समाधान दिवस के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर डा. आब्दी चौराहा से रामबाबू की दुकान तक बनी नाली पर ढक्कन लगाए जाने की मांग की है। सभासद ने बताया कि उक्त मार्ग पर कई स्थानों पर नाली खुली हुई है। आगामी 26 अगस्त को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस इसी मार्ग से निकलना है, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। जुलूस में बड़ी संख्या में झांकियां और वाहन भी शामिल रहते हैं।

ऐसे में खुली नालियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि जुलूस निकलने से पहले मार्ग पर जहां भी नाली खुली है, वहां ढक्कन लगवाए जाएं, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने बताया कि नालियों पर ढक्कन लगाने के लिए संबंधित सफाई प्रभारी को निर्देश दे दिया गया है। जल्द ही आवश्यक स्थानों पर ढक्कन रखवा दिए जाएंगे।

# निगोहां में बारिश से बस्ती जलमग्न, घरों में घुसा पानी

## नाले पर कब्जे से बिगड़े हालात, सरकारी आवास भी जलभराव की चपेट में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** लगातार हुई बारिश के बाद निगोहां कस्बे में हाईवे किनारे बसी बस्ती में जलभराव से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। थाने के पास कई घर पानी से घिर गए, जबकि कुछ घरों में पानी घुसने से लोगों को गृहस्थी का सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। घुटनों तक पानी भरने से छोटे बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में भी परेशानी हुई। वहीं, पास स्थित हनुमान मंदिर तक भी पानी पहुंच गया, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में दिक्कत हुई। चंदन, रूपचंद, प्रेमचंद, प्रकाश, चंद्रपाल, बीरपाल और शुभम समेत कई परिवार वर्षों से झोपड़ी और कच्चे मकानों में रह रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले वर्ष करीब पांच परिवारों को सरकारी आवास मिले थे, लेकिन बारिश के बाद इन पक्के मकानों में भी पानी भर गया। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई।

**घरों में पानी घुसने से चूल्हे नहीं जले** बारिश का पानी घरों में घुसने से गृहस्थी का सामान भी प्रभावित हुआ। कई परिवारों के चूल्हे तक नहीं जल सके, जिससे खाने-पीने की समस्या खड़ी हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी राशन की दुकान में भी पानी भर गया, जिससे बड़ी मात्रा में राशन भीगकर खराब होने की बात कही जा रही है।







**नाले पर कब्जे का आरोप** ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी नाले को कुछ लोगों ने पाटकर उस पर कब्जा कर लिया है। इससे पानी की निकासी बाधित हो गई है और तेज बारिश होते ही आसपास के घर जलमग्न हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से सरकारी नाले को अतिक्रमणमुक्त कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। वहीं, निगोहां ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित ने बताया कि बारिश के कारण जलभराव हुआ है। जल निकासी की व्यवस्था कराई जा रही है, जिससे लोगों को जल्द राहत मिल सके।

# बारा वफात को लेकर दुर्गागंज थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**दुर्गागंज।** मुस्लिम समुदाय के बारा वफात पर्व को लेकर शनिवार को थाना दुर्गागंज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सुमित त्रिपाठी ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए धर्मगुरुओं, जुलूस के आयोजकों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित सभी समुदायों के लोग मौजूद रहे। बैठक में बारा वफात पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस और अन्य आयोजनों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीओ सुमित त्रिपाठी ने कहा कि पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए। जुलूस के दौरान सभी आयोजक निर्धारित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न करें, जिससे दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों या क्षेत्र का माहौल खराब हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अराजकता फैलाने, शांति व्यवस्था बिगाड़ने या किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न करने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से भी अपील की कि जुलूस के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में स्वयं कानून हाथ में न लें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बारा वफात पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पुलिस की लगातार निगरानी रहेगी। किसी व्यक्ति द्वारा भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल खराब करने वाली पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### घर से कॉलेज जाने निकली छात्रा प्रेमी संग फरार, अपहरण का केस दर्ज

**सहजनवा।** गोरखपुरः सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय छात्रा कॉलेज जाने के लिए घर से निकली और देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी हुई कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों के अनुसार छात्रा क्षेत्र के एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह 20 अगस्त को सुबह करीब 11 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी जानकारी ली गई, लेकिन छात्रा का सुराग नहीं मिला। खोजबीन के दौरान परिजनों को पता चला कि गांव का ही धनश्याम यादव छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद परिजनों ने सहजनवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी धनश्याम यादव के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छात्रा की तलाश के साथ ही मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के बरामद होने के बाद उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्थानांतरण समायोजन सूची जारी करने की मांग को लेकर 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे शिक्षामित्र

### 19 माह बाद भी शिक्षामित्रों को नहीं मिली मूल विद्यालय वापसी

**अम्बेडकरनगर।** शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर द्वारा शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन, मूल विद्यालय वापसी की सूची जारी करने की मांग को लेकर 23 अगस्त 2026 से जिला मुख्यालय स्थित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष व शिक्षामित्र केयर समिति अम्बेडकर नगर के जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि 19 माह पूर्व जनवरी 2025 में शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन का शासना देश जारी हुआ था। लेकिन अभी तक शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन मूल विद्यालय वापसी की प्रक्रिया 19 माह बाद भी पूरी नहीं हुई। शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर द्वारा पूर्व में 1अगस्त 2026 को धरना प्रदर्शन के दौरान 15 अगस्त 2026 तक सूची जारी करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन मूल विद्यालय वापसी की सूची जारी नहीं की गई। सूची जारी न होने से जनपद के शिक्षामित्रों में नाराजगी बढ़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सूची जारी करने की मांग को लेकर 23 अगस्त 2026 से स्थानांतरण समायोजन सूची जारी होने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्रों के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्थानांतरण सूची जारी होने तक शिक्षामित्रों का आन्दोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने जनपद के शिक्षामित्रों से अपने हक अधिकार की मांग को लेकर हो रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील किया है।

# एक सप्ताह से अंधेरे में लछमनपुर के ग्रामीण, फ्यूज उड़ने के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

**जेई का फोन नहीं लगने से ग्रामीणों में आक्रोश, उमस भरी गर्मी में परेशान हैं लोग; जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर तुलसीपुर।** तहसील तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम रमवापुर के मजरा लछमनपुर में विद्युत विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां करीब एक सप्ताह पहले बिजली का फ्यूज उड़ जाने के बाद से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार सूचना देने के बावजूद विभागीय कर्मचारियों ने अब तक फ्यूज नहीं जोड़ा, जिससे गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। ग्रामीणों के मुताबिक फ्यूज उड़ने के बाद से पूरे मजरे में विद्युत आपूर्ति बाधित है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली नहीं होने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। रात के समय अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई** ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी संबंधित विभागीय कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने संबंधित जेई से संपर्क करने का भी प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल नंबर लगातार नहीं लग रहा है। ऐसे में ग्रामीण अपनी समस्या किस अधिकारी तक पहुंचाएं, यह भी उनके लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

**विभागीय उदासीनता पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि मामूली तकनीकी खराबी को ठीक करने में भी विभाग को करीब एक सप्ताह का समय लग रहा है। यदि फ्यूज जैसी छोटी समस्या के समाधान में इतनी देरी होगी तो बड़े विद्युत फाल्ट की स्थिति में विभाग की कार्यप्रणाली का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा करने के बावजूद उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधा के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार**

लछमनपुर के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की बिजली आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई तो वे संबंधित अधिकारियों के कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि मौके पर विद्युत कर्मियों को भेजकर फ्यूज तत्काल जोड़ा जाए और भविष्य में ऐसी समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए। अब देखना यह है कि करीब एक सप्ताह से अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीणों की समस्या पर विद्युत विभाग कब तक कार्रवाई करता है।

## चोरी के सामान के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार, मंगलसूत्र-पायल और नकदी बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** एम्स थाना पुलिस ने चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का मंगलसूत्र, पायल और 1700 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष एम्स महेंद्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम 21 अगस्त को मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध महिलाओं को पुलिस ने रोककर पूछताछ और तलाशी ली।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक मंगलसूत्र लॉकेट सहित पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु तथा 1700 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान शालू उर्फ निमकी पत्नी सिकम उर्फ विभीषण तथा सोहाना उर्फ पूजा पत्नी देव उर्फ मालिक खरवार के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से टिपुरा कालोनी, बेहया भोजपुर, बिहार की निवासी हैं और वर्तमान में डोमिनगढ़ थाना तिवारीपुर क्षेत्र में रह रही थीं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर एम्स थाने में मु0अ0सं0 262/2026, धारा 303(2) व 317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस दोनों महिलाओं से पूछताछ कर बरामद सामान के संबंध में आगे की जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी सोनबरसा उपनिरीक्षक नितेश कुमार राय, कांस्टेबल प्रमोद कुमार तथा महिला आरक्षी श्वेता अग्निहोत्री और सुमित्रा शामिल रहीं।

## खजनी बीडीओ रमेश शुक्ला को चरगांवा और ब्रह्मपुर का अतिरिक्त प्रभार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी गोरखपुर के अनुमोदन के बाद विकास खंडों में खंड विकास अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार खजनी के खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला को चरगांवा विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, चरगांवा की मूल तैनाती के साथ उन्हें ब्रह्मपुर विकास खंड का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आदेश में संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नया प्रभार ग्रहण कर खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि अतिरिक्त प्रभार संभालने के एवज में अधिकारियों को किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन या भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशासनिक स्तर पर किए गए इस बदलाव के बाद संबंधित विकास खंडों में विकास योजनाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी बढ़ गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपने अतिरिक्त दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। आदेश का अनुपालन कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### श्रीरामलीला समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित, नंदलाल गुप्ता अध्यक्ष चुने गए

सुरियावां। श्रीरामलीला समिति सुरियावां की महत्वपूर्ण बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आगामी श्रीरामलीला कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने को लेकर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। अध्यक्ष पद के लिए हुई चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पूर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों का आभार जताते हुए रामलीला की ऐतिहासिक परंपरा को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक में आगामी रामलीला कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष रामलीला को श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अवधेश कुमार उमर वैश्य, अशोक कुमार उमर, गुड्डू समेत समिति के अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में लेखपालों का प्रदर्शन, एसडीएम को ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां/गोरखपुरः** एंटी करप्शन एवं विजिलेंस द्वारा लेखपालों के खिलाफ की जा रही ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शनिवार को सहजनवा तहसील के लेखपालों ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष दिग्विजयनाथ यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लेखपालों ने कार्रवाई को अनुचित, फर्जी एवं दुर्भावनापूर्ण बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा नमन मेहता को सौंपा। ज्ञापन में अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल के विरुद्ध हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। लेखपाल संघ ने कहा कि मामले की जांच पुलिस विभाग से अलग किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा एसआईटी से कराई जानी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्यों का सामने आ सकें। लेखपालों ने मांग की कि किसी भी लेखपाल के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता की गहनता से जांच हो। साथ ही शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, संबंधित लेखपाल से उसकी रंजिश, निजी स्वार्थ तथा शिकायत के उद्देश्य की भी विस्तृत जांच को अनिवार्य किया जाए। संघ का कहना है कि बिना समुचित जांच के कार्रवाई होने से कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। प्रदर्शन में लेखपाल चंद्र प्रकाश पांडेय, संजय वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, लोकेश कुमार, लेखपाल सुभ्रा दुबे, फहमीन शाहिद, राहुल श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, शिवम मौर्य समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

# खजनी ब्लॉक को मिली नई खंड विकास अधिकारी, सुप्रिया ने संभाला कार्यभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर** खजनी विकासखंड को शनिवार को नई खंड विकास अधिकारी (ब्लष्ठह्र) मिलीं। सुप्रिया ने आज खजनी ब्लॉक पहुंचकर खंड विकास अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही संबंधित आदेश भी आज जारी हुआ।

**मदन मोहन मालवीय और गोरखपुर विवि से हुई है शिक्षा**

2017 बैच की अधिकारी सुप्रिया ने अपनी पढ़ाई दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से की है। इससे पहले वह कैंपियरगंज ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। कार्यभार संभालने के बाद बीडीओ सुप्रिया ने खजनी ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनता से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की बात सुनी जाएगी और पात्र लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से समयबद्ध तरीके से काम करने और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बीडीओ सुप्रिया के सामने अब खजनी क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों को गति देना प्रमुख चुनौती होगी।

**कैंपियरगंज के बाद अब खजनी की कमान** प्रशासनिक अनुभव की बात करें तो इससे पहले सुप्रिया कैंपियरगंज ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। कैंपियरगंज में उनके कार्यकाल और बेहतर कार्यशैली को देखते हुए अब उन्हें खजनी ब्लॉक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। **कार्यभार संभालते ही कर्मियों को सख्त निर्देश** चार्ज लेने के पहले ही दिन बीडीओ सुप्रिया एक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने खजनी ब्लॉक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने साफ शब्दों में सख्त निर्देश दिए कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लोग समय से दफ्तर आएं और पूरी पारदर्शिता के साथ काम करें।

## बेखौफ रफ्तार का कहरः स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल, चालक फरार

**हादसे के बाद मौके पर गिरी नंबर प्लेट, पुलिस जांच में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इटियाथोक गोंडा।** थाना क्षेत्र के भवानीपुर उपाध्याय चौराहे पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घटना ने सड़क पर वाहन चालकों की मनमानी और तेज गति से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार भवानीपुर उपाध्याय निवासी जगप्रसाद शुक्ल मोटरसाइकिल से खरगूपुर जा रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो वाहन संख्या क्क32 स्रङ्ग 5501 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी खरगूपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए गोंडा रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो की नंबर प्लेट भी टूटकर मौके पर गिर गई। मौके पर मिली नंबर प्लेट से दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। घटना की सूचना स्थानीय थाना इटियाथोक को दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कई वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरतने और प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी इटियाथोक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घाटमपुर में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विधायक सरोज कुरील ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विद्यालयों के समायोजन और नए मॉडल विद्यालय की स्थापना को लेकर चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों का ही समायोजन किया जाएगा। वहीं घाटमपुर के तिराहा पट्टी में करीब 1500 विद्यार्थियों की क्षमता वाला मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जाने की योजना है। प्रस्तावित विद्यालय में विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक ने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा होगी सर्वोच्च प्राथमिकताः एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
रमेश कुमार यादव



**बलरामपुर।** जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से शिष्टाचार भेंट कर जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस की आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस का रुख सख्त रहेगा और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रेस वार्ता में एसपी ने कहा कि जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सघन गश्त, वाहन चेकिंग और रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। हिस्ट्रीशीटर, टॉप-10 अपराधी, वांछित एवं वारंटी अभियुक्त पुलिस के रडार पर रहेंगे। इनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑपरेशन त्रिनेत्र को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। जनसहयोग से अधिक से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और घटनाओं के बाद उनकी पहचान में भी मदद मिले।

**महिला सुरक्षा पर विशेष जोर** एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम, महिला हेल्प डेस्क और शक्ति दीदी टीम को सक्रिय किया गया है। थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिसकर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। महिला संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही महिलाओं को 1090 व 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। **शिकायतों का समयबद्ध होगा निस्तारण** जनसुनवाई और आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों को लेकर भी एसपी ने अधिकारियों को गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा भी की जाएगी, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। **गांव-गांव होगी चौपाल, साइबर अपराध पर भी नजर** एसपी ने कम्युनिटी पुलिसिंग को मजबूत करने की बात कही। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय के लिए गांव-गांव चौपाल लगाने के साथ व्यापारियों, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत नागरिकों के साथ गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। वहीं बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर 1930 साइबर हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जनपद में साइबर क्राइम थाना और सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। **नेपाल सीमा पर बढ़ेगी निगरानी** नेपाल सीमा से सटे थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी एसपी ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सीमा क्षेत्र में बैरियर लगाकर आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच, पर्याप्त चेकिंग और पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से विभिन्न मुद्दों पर सवाल किए, जिनका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया। अंत में एसपी ने पत्रकारों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि बलरामपुर पुलिस जनपद को अपराधमुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा जनपद के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद रहे।

# बारावफात, जन्माष्टमी व रक्षाबंधन को लेकर पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी बारावफात, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन सहित अन्य पर्वों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं धर्मगुरुओं ने प्रतिभाग किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा अवगत कराया गया कि 26 अगस्त 2026 को बारावफात तथा 4 सितंबर 2026 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। आगामी पर्वों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से गणमान्य नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिशासी अधिकारियों को जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थलों की विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा नालियों की टीम लगाकर सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वों से पूर्व सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करा लिया जाए। प्रमुख स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट एवं पानी के टैंकर निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध कराए जाएं। मोबाइल टॉयलेट की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रत्येक तीन घंटे के अंतराल पर सफाई सुनिश्चित कराने हेतु सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने एआरएम रोडवेज को बस स्टेशन एवं उसके आसपास विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुलूस मार्गों का पुनः स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए तथा मार्ग में किसी प्रकार की विद्युत, सड़क, जल निकासी, प्रकाश, साफ-सफाई अथवा अन्य समस्या पाए जाने पर उसका समयबद्ध ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख स्थलों पर नियमित साफ-सफाई के साथ चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को पर्वों के दौरान मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस अधिकारियों को आगामी पर्वों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि में डीजे का संचालन न हो, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखने तथा भ्रामक अथवा अफवाह फैलाने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक सूचना को बिना सत्यापन के साझा न करें।बैठक के दौरान सभी थानों से आए गणमान्य नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से थानावार संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को सुना गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट थनिगईयरसन टी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित विद्युत, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन, कृषि, खाद्य एवं सुरक्षा तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'केमिस्ट्री ऑफ सीमेंट एंड ब्लेंडेड सीमेंट के उपयोग' पर तकनीकी व्याख्यान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनांकः 22 अगस्त, 2026 द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा दिनांक 22 अगस्त, 2026 को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'केमिस्ट्री ऑफ सीमेंट एंड यूज़ ऑफ ब्लेन्डेड सीमेंट' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभियंताओं एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों को सीमेंट की रासायनिक संरचना, उसके प्रमुख घटकों, सीमेंट के गुणों तथा निर्माण कार्यों में ब्लेंडेड सीमेंट के प्रभावी उपयोग से संबंधित नवीन एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। वर्तमान समय में टिकाऊ, गुणवत्तापूर्ण एवं पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने में ब्लेंडेड सीमेंट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.




पी. सिंह, चेयरमैन, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि 'केमिस्ट्री ऑफ सीमेंट एंड यूज़ ऑफ ब्लेन्डेड सीमेंट' वर्तमान निर्माण क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक विषय है। उन्होंने कहा कि सीमेंट की रासायनिक संरचना एवं उसके गुणों की सही समझ के साथ-साथ ब्लेन्डेड सीमेंट के उपयोग से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, टिकाऊपन एवं पर्यावरणीय स्थिरता को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने अभियंताओं से नवीन तकनीकों एवं आधुनिक निर्माण सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य वक्ता के व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं तकनीकी कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करती रहेगी।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इं. मुर्गेश भुस्ताली, पूर्व सहायक कार्यकारी निदेशक, डालमिया सीमेंट चेन्नई ने सीमेंट की रासायनिक प्रकृति, उसके विभिन्न घटकों तथा निर्माण कार्यों में उनके प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ब्लेंडेड सीमेंट की अवधारणा, उसके प्रकार, उपयोगिता एवं निर्माण क्षेत्र में इसके लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि उपयुक्त प्रकार के सीमेंट का चयन निर्माण की गुणवत्ता, मजबूती, टिकाऊपन तथा दीर्घकालीन प्रदर्शन के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता ने विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को सीमेंट के चयन, उपयोग एवं गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया तथा टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण में ब्लेंडेड सीमेंट की उपयोगिता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक इं. जे.बी. सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार के तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं के तकनीकी ज्ञान को अद्यतन करने तथा उन्हें आधुनिक निर्माण तकनीकों एवं सामग्री के उपयोग से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन इं. जे.बी. सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद ने मुख्य वक्ता, अध्यक्ष, सभी अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्टेनोग्राफर्स महासंघ की मांगों पर रक्षा मंत्री के ओएसडी ने दिया समाधान का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार एवं प्रांतीय महामंत्री पंकज कुमार तिवारी, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुशील कुमार अच्छा उपाध्यक्ष अमित शुक्ला और संगठन मंत्री दिनेश सिंह ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के.पी. सिंह से मुलाकात कर महासंघ की लंबित मांगों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन स्तर पर हुई विभिन्न बैठकों में महासंघ के पांच सूत्रीय मांगपत्र में से चार मांगों पर लगातार सहमति बनती रही है। इन मांगों को लेकर 11 अप्रैल 2025 को मुख्य सचिव समिति, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसके बाद वित्त विभाग द्वारा संबंधित प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के लिए जून 2025 में भेज दिया गया था।

महासंघ के पदाधिकारियों के अनुसार, प्रस्ताव भेजे जाने के करीब एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक मंत्रिपरिषद की बैठक में इस पर अंतिम अनुमोदन नहीं हो सका है। इससे स्टेनोग्राफर्स संवर्ग में असंतोष बना हुआ है। मुलाकात के दौरान महासंघ ने के.पी. सिंह से मांगों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी हस्तक्षेप का अनुरोध किया। इस पर रक्षा मंत्री के विशेष कार्य अधिकारी ने तत्काल संबंधित विषय पर पत्र लिखने के साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास कर प्रकरण का समाधान कराने का आश्वासन दिया। महासंघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि रक्षा मंत्री के स्तर से किए जा रहे प्रयासों के बाद उनकी लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय होगा और लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिल सकेगी।

फ़ोटो0001

डॉ. आरपी वर्मा ने स्वास्थ्य सेवा को जनसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया

राजीव गांधी की जयंती पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बिसवां, सीतापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. आरपी वर्मा की ओर से ग्राम कौवा खेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ. आरपी वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा जनसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना और उन्हें स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित यह शिविर जनसेवा के संकल्प को समर्पित है। शिविर में जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव और बेहतर स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी पहल बताया।

# कर्ज और कुर्की की कथित चेतावनी से परेशान 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शारदा सहायक नहर में मिला शव, नहर किनारे चप्पल, गमछा और डंडा बरामद; परिजनों ने बैंक कर्मचारियों पर लगाए गंभीर आरोप**

**महमूदाबाद-सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के महमूदाबाद से बेहद दुखद खबर सामने आई है। कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र में शुक्रवार से लापता 75 वर्षीय बुजुर्ग नत्था पुत्र मुसाहिब का शव शारदा सहायक नहर से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। नहर किनारे उनकी चप्पल, गमछा और डंडा मिलने के बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई थी।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम निवासी नत्था शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे घर से पैंतेपुर बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच पैंतेपुर के 98 पुल के पास शारदा सहायक नहर के किनारे उनकी चप्पल, गमछा और डंडा बरामद हुआ। इसके बाद नहर में तलाश शुरू की गई, जहां बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। मृतक के पुत्र अनवर ने आरोप लगाया कि करीब 10-12 दिन पहले भूमि विकास बैंक के कुछ कर्मचारी उनके घर आए थे।

कथित तौर पर उन्होंने कर्ज जल्द चुकाने और ऐसा न करने पर घर व जमीन कुर्क किए जाने की चेतावनी दी थी। परिजनों के मुताबिक करीब 20 हजार रुपये का कर्ज बढ़कर लगभग 1.40 लाख रुपये हो गया था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम हैबतपुर निवासी उदित वर्मा ने कथित तौर पर नत्था की जमीन पर ऋण निकलवाया था, जिसका भुगतान नहीं किया गया। कर्ज बढ़ने और कथित धमकियों के चलते बुजुर्ग मानसिक तनाव में थे। परिजनों को आशंका है कि इसी परेशानी के चलते उन्होंने नहर में कूदकर आत्मघाती कदम उठाया।

घटना के बाद मृतक के चार बेटों और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पैंतेपुर चौकी प्रभारी संजय सिंह के अनुसार मामले में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही बुजुर्ग की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। साथ ही परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## पुराने मामले में मौलाना रईस के दोनों बेटों पर कार्रवाई



**महमूदाबाद- सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र से जुड़े एक पुराने मामले में मरकज़ के इमाम मौलाना रईस के दोनों बेटों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा दोनों को गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने की जानकारी सामने आई है? बताया जा रहा है कि मामला पूर्व में दर्ज मुकदमे से संबंधित है। मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया पहले से चल रही थी। इसी क्रम में कोतवाली महमूदाबाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। हालांकि, प्रकरण को लेकर संबंधित पक्ष का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। पुलिस और न्यायालयी कार्रवाई के बाद मामले में आगे क्या स्थिति बनती है, यह आगामी कानूनी प्रक्रिया के बाद स्पष्ट होगा।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली से किशोरी बरामद,पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाईं**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई को किशोरी की बहन ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बब्बू सिंह उसकी करीब 17 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें गठित की गई थीं।

पुलिस टीमों ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के साथ स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने 20 अगस्त को किशोरी को नई दिल्ली से बरामद कर लिया। इसके बाद शनिवार को मुकदमे में नामजद आरोपी बब्बू सिंह (18) पुत्र श्रवण उर्फ श्रवन कुमार, निवासी ग्राम चकदहा, थाना कलवारी, जिला बस्ती को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुबोध कुमार और कांस्टेबल राजकुमार शामिल रहे।

# एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के विरोध में लेखपालों का हल्ला बोल, थाना समाधान दिवस का किया बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महमूदाबाद-सीतापुर।** अयोध्या के सोहावल तहसील में एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन द्वाराय एक लेखपाल को कथित तौर पर गलत तरीके से फंसाए जाने के विरोध में सीतापुर जनपद के महमूदाबाद में लेखपाल संघ ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 22 अगस्त को लेखपालों ने तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और थाना समाधान दिवस का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग महमूदाबाद उपशाखा के लेखपाल संघ ने तहसील प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर एसीओ की इस 'अनुचित ट्रैप कार्रवाई' पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संघ का कहना है कि इस घटना से पूरे प्रदेश के लेखपाल संवर्ग में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल पनप गया है। लेखपालों ने अयोध्या के सोहावल तहसील में तैनात लेखपाल उत्कर्ष दीप के मामले का हवाला देते हुए मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की एक निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, जो भी इस मामले में दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई हो।

'अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए निर्दोष को फंसाया'

महमूदाबाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष रमाकांत रावत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारे साथी उत्कर्ष दीप को गलत तरीके से ट्रैप करके उन पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश की तहसीलों में आज समाधान दिवस का बहिष्कार कर धरना दिया जा रहा है। वहीं, संघ के महामंत्री पूर्णेन्द्र प्रकाश ने एंटी करप्शन टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने महज़ अपनी 'टीआरपी' बढ़ाने के लिए उनके साथी को जबरन पैसा देकर फंसाया है। उन्होंने इसे एक गैर-कानूनी और अनुचित कृत्य बताते हुए कहा कि इससे लेखपालों के मान-सम्मान को गहरी ठेस पहुंची है।

# मोहब्बते रसूल और मोहब्बते अहले बैत हर इंसान के लिए अनिवार्य

**सरकार दो आलम से मोहब्बत करना ही हमारा ईमान है:- सैयद फुरकान वहीद हाशमी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय दरगाह हाफिज असलम मियां में 12 दिवसीय चल रहे जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में आयोजित महफिले मिलाद को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन हाजी सैयद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल और अहले बैत से सच्ची मोहब्बत करना ही ईमानदार होने की निशानी है, दूसरों के दुखों को समझना और उनसे अच्छे आचरण का व्यवहार करना ज़रूरी है जिससे लोग हमसे जुड़ेंगे और हमसे मिलकर अच्छी बातों का साझा भी करेंगे औलिया अल्लाह ने जो शिक्षा यानी तालीम दी है उस पर पूरी तरह से हमें अमल करना होगा तभी हमारा समाज बेहतर बनेगा क्योंकि जिसका आचरण अच्छा होता है वहीं अच्छा मनुष्य कहलाता है। घर वालों और बाहर के लोगों से अच्छे व्यवहार को रखना चाहिए बल्कि तमाम जिंदगी ऐसी ही गुजारनी चाहिए।इसके बाद आपके सुपुत्र सैयद फरमान मियां चिश्ती हाशमी ने सलाम पेश किया और सज्जादा नशीन ने मुल्क में अमन और शांति कायम रहे इसके लिए दुआ भी की इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से मजा शाह कलंदर लहरपुर के सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां के अलावा मुतवल्ली दरगाह सैय्यद नवेद असलम हाशमी,सैय्यद फरहान मियां,सैय्यद फरजान मियां, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी,क़ारी फ़य्याज़ चिश्ती सैय्यद शुजा रिज़वी मौजूद थे। महफिले मीलाद का क्रम इस्लामी माह की पहली तारीख से प्रारंभ है जो निरंतर 12 तारीख तक चलता रहेगा।

# किसानों के धरने से गरजी मोहनलालगंज कोतवाली, एसीपी के लिखित आश्वासन पर खत्म हुआ प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** अवैध कब्जेदारी, अवैध खनन, किसानों के उत्पीड़न और क्षेत्र में बढ़ती चोरी व अपराध की घटनाओं के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों और सैकड़ों किसानों ने मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। काफी देर चले प्रदर्शन के बाद एसीपी के लिखित आश्वासन पर किसान शांत हुए और धरना समाप्त कर दिया। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार 'अनु' के नेतृत्व में किसान कोतवाली पहुंचे। प्रदर्शन में जिला सचिव अशोक यादव, प्रदेश प्रवक्ता अनिल वर्मा त्रिवेदी, सूरज वर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दबंगों द्वारा जमीनों पर जबरन कब्जे किए जा रहे हैं। वहीं अवैध खनन की शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसानों का कहना था कि समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**पुलिस की कार्यशैली पर जताई नाराजगी** धरने के दौरान किसानों ने पुलिस की कार्यशैली को लेकर भी नाराजगी जताई। यूनियन पदाधिकारियों का आरोप था कि किसानों और संगठन के लोगों के साथ पुलिस ने उचित व्यवहार नहीं किया, जिससे आक्रोश बढ़ा। प्रदर्शनकारी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

**एसीपी ने किसानों को दिया लिखित आश्वासन** सूचना पर मोहनलालगंज एसीपी राजेश कुमार सिंह और गोसाईगंज एसीपी ऋषभ यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसीपी राजेश कुमार सिंह ने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसानों के विरोध के बीच उन्होंने इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह को मामले में गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए और शिकायतों की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। एसीपी ने लिखित आश्वासन दिया कि जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की जाएगी। इसके साथ ही भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों की टीम भी बनाई जाएगी, जो संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर जमीनी विवादों के निस्तारण में सहयोग करेगी। अधिकारियों ने अवैध कब्जेदारी और अवैध खनन की शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया।

**सोमवार को मौके पर होगी जांच** अधिकारियों के आश्वासन के बाद तय हुआ कि सोमवार को पुलिस टीम, राजस्व टीम और किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारी संबंधित स्थल पर पहुंचकर जमीनी विवाद की जांच करेंगे और निस्तारण की कार्रवाई शुरू करेंगे। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने के दौरान कोतवाली परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

**....अवैध कब्जे, खनन और किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन, सोमवार को संयुक्त टीम करेगी जमीन विवाद की जांच।**

# पति और प्रेमी के साथ रहने पर अड़ी विवाहिता, मामला पहुंचा कोतवाली

**दोनों के साथ एक ही छत के नीचे रहने की गुहार, पति और प्रेमी दोनों सहमत, ससुराल पक्ष ने किया बेदखल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर** आमतौर पर 'पति, पत्नी और वो' के त्रिकोण में पारिवारिक विवाद या अपराध की खबरें सामने आती हैं, लेकिन सीतापुर जनपद के महमूदाबाद क्षेत्र से रिश्तों की मर्यादा और सामाजिक ताने-बाने को चौंका देने वाला एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक विवाहिता अपने पहले पति और दूसरे पति (कथित प्रेमी) दोनों के साथ एक ही छत के नीचे रहने की जिद पर अड़ गई है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पति और प्रेमी दोनों ही एक-दूसरे के साथ भाई जैसे संबंध बताते हुए महिला के साथ रहने पर पूरी तरह सहमत हैं। यह अजीबोगरीब मामला अब महमूदाबाद कोतवाली पहुंच गया है। **मांग में दोनों के नाम का सिंदूर** महमूदाबाद के फुलवारीपुर गांव की रहने वाली अंजू देवी जब अपने पति शुभम वर्मा, प्रेमी नितिन शर्मा और अपने दो मासूम बच्चों आराध्या और तनु के साथ कोतवाली पहुंचीं, तो पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। महिला की मांग में गहरा सिंदूर भरा हुआ था। जब पत्रकारों और पुलिस ने पूछा कि यह सिंदूर किसके नाम का है, तो महिला ने बेबाकी से जवाब दिया– 'यह सिंदूर दोनों के नाम का है। मैं अपने पति और नितिन, दोनों से प्यार करती हूं और दोनों के साथ ही रहूंगी।' **ऑटो की मुलाकात से मंदिर में विवाह तक** महिला के अनुसार, कुछ माह पूर्व महमूदाबाद में बच्चों की पढ़ाई की सामग्री लेने के दौरान उसकी मुलाकात उनेरा निवासी नितिन शर्मा से एक ऑटो में हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई और प्रेम परवान चढ़ गया। महिला का दावा है कि उसने मंदिर में नितिन के साथ विवाह कर लिया और इसकी जानकारी उसके पति व ससुराल पक्ष को भी थी। **पति बोला— 'मुझे कोई ऐतराज नहीं, हम सब साथ रहेंगे' मामले** में सबसे चौंकाने वाला पक्ष महिला के पति शुभम वर्मा का रहा। शुभम ने बताया कि शुरुआत में उसने विरोध किया और काफी मानसिक तनाव झेला, लेकिन बाद में उसने अपनी पत्नी की खुशी के लिए इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया। शुभम का कहना है कि उसे पत्नी के दूसरे पति के साथ रहने पर कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, राजस्थान में सीएनसी ऑपरेटर का काम करने वाले नितिन ने भी कहा कि वह शुभम को अपना भाई मानता है और दोनों बच्चे उनके अपने हैं, वे पांचों एक साथ परिवार की तरह रहना चाहते हैं। **ससुराल पक्ष ने किया बेदखल, कोतवाली में लगाई न्याय की गुहार** विवाद उस समय शुरू हुआ जब शुभम के परिवार (बहनों व अन्य परिजनों) ने इस रिश्ते को सामाजिक रूप से अस्वीकार्य बताते हुए तीनों को घर में रखने से इनकार कर दिया और उन्हें घर से बेदखल कर दिया। इसके बाद तीनों मासूम बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंचे। महिला ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि मकान का बीच का हिस्सा उनकी अपनी मेहनत की कमाई से बना है, इसलिए उन्हें वहां रहने दिया जाए। यदि परिवार रहने नहीं देता है, तो उनका सामान वापस दिलवाया जाए ताकि वे बाहर रहकर अपना जीवन यापन कर सकें। फिलहाल, पुलिस पूरे प्रकरण को लेकर दोनों पक्षों की बात सुन रही है और मामले में विधिक पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, क्षेत्र में 'मांग एक, सिंदूर दो' की यह अनोखी कहानी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# संपादकीय

## जीवन बर्बाद कर सकते है सोशल मीडिया पर मौजूद शिकारी

लडकियों को सोशल मीडिया का उपयोग बहुत सावधानी से करना चाहिए। यहां प्यार दोस्ती का जाल बिछाए बहुत सारे शिकारी बैठे हुए हैं जो दिनरात मीठी मीठी बातों के जाल में नादान लडकियों को फंसाने के लिए जाल फेंकते है सोशल मीडिया का असंयमित उपयोग कई किशोरियों और युवतियों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-सम्मान और वास्तविक जीवन को बर्बाद कर रहा है, हालांकि इसे पूरी पीढ़ी की बर्बादी कहना अतिशयोक्ति हो सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली कृत्रिम चमक और तुलना की संस्कृति गंभीर मानसिक दबाव पैदा कर रही है।सोशल मीडिया पर अजनबी लोगों से दोस्ती करने के बाद कई बार लड़कियां ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और साइबर अपराध का शिकार हो जाती हैं। लोग झूठी पहचान बनाकर भरोसा जीतते हैं और बाद में निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल करते हैं। इससे मानसिक तनाव और सामाजिक नुकसान होता है।धोखेबाज असली नाम या तस्वीर छिपाकर गलत पहचान बनाते हैं। निजी तस्वीरें या वीडियो हासिल करके पैसों की मांग करना। महंगे उपहार या विदेश भेजने के नाम पर पैसे ऐंठना। प्यार और शादी का झूठा वादा करके भरोसा तोड़ना। पिछले कुछ वर्षों के दौरान 'फेसबुक', 'इंस्टाग्राम' और 'स्नैपचैट' जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चंद युवक-युवतियों द्वारा आपस में दोस्ती करने का रुझान बढ़ गया है जिसे 'ऑनलाइन फ्रैंडशिप' कहा जाता है। इनके जरिए युवक दोस्ती के नाम पर अपनी ऑनलाइन फ्रैंड्स को धोखा देने, उनका यौन शोषण करने और ब्लैकमेल करके पैसे वसूलने में भी संकोच नहीं करते जिससे उनकी चाल में फंसने वाली युवतियों की जिंदगियां तबाह हो रही हैं। हाल ही में सुर्खियों में रही कुछ वारदातों का जायजा करिए 6 जनवरी को 'पालघर' (महाराष्ट्र) में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को 'इंस्टाग्राम' पर प्रेम जाल में फंसा कर अगवा करने, महीनों तक उसका यौन शोषण करने तथा घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया।12 जनवरी को 'पाली' (राजस्थान) की एक नाबालिगा से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करने के बाद एक युवक उसे दिल्ली ले आया और किराए के मकान में रखकर उसका कई बार शोषण किया। जब लड़की ने उससे शादी करने के लिए कहा तो उसे पीटा गया। पुलिस ने नाबालिगा की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध 'पोक्सो एक्ट' के तहत केस दर्ज किया। 5 मई को 'सीकर' (राजस्थान) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' पर शादी का झूठा वादा कर उससे बलात्कार करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।20 जून को 'बेंगलुरु' (कर्नाटक) में पुलिस ने एक व्यक्ति को एक महिला से ऑनलाइन दोस्ती करके उसे किराए पर कमरा दिलाने के बहाने एक लॉज में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया।23 जून को 'बुराड़ी' (दिल्ली) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' के विरुद्ध रील बनाने के बहाने उसे एक होटल में बुला कर उससे बलात्कार करने और घटना का वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई । 16 जुलाई को 'कोलकाता' (पश्चिम बंगाल) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' पर उसे डरा-धमका कर उससे बलात्कार करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। 5 अगस्त को 'बुलंदशहर' (उत्तर प्रदेश) में एक युवती ने राजस्थान के एक युवक के विरुद्ध उसके साथ 'इंस्टाग्राम' के जरिए दोस्ती करने के बाद उसे नशीली पेस्ट्री खिलाकर बेहोश करके उसके साथ बलात्कार करने और घटना का अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करके लाखों रुपए वसूलने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। 6 अगस्त को 'नागपुर' (महाराष्ट्र) में 'इंस्टाग्राम' पर दोस्ती के बाद एक नाबालिगा को बंधक बना कर अपने पास रखने और उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। 6 अगस्त को ही 'ग्वालियर' (मध्य प्रदेश) में एक युवती ने 'इंस्टाग्राम' पर बने दोस्त के विरुद्ध उसे नौकरी दिलाने के बहाने 'मुरैना' के एक होटल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई। 12 अगस्त को 'सूरत' (गुजरात) में पुलिस ने एक युवक को एक महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद डरा-धमका कर उससे कई बार बलात्कार करने और उसका वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर 36 तोले सोना व नकदी वसूल करने के आरोप में गिरफ्तार किया। और अब 16 अगस्त को 'नई दिल्ली' में एक मेकअप आर्टिस्ट महिला को उसके 'ऑनलाइन फ्रेंड' द्वारा काम दिलाने और शादी का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। उक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि जवानी के जोश में सोशल मीडिया के जरिए युवकों से दोस्ती करना किस कदर खतरनाक हो सकता है। अत: महिलाओं को सावधानी बरतने की जरूरत है। सोशल मीडिया के जरिए ऑनलाइन रिश्तों में फंसकर कई युवतियां भावनात्मक, आर्थिक और शारीरिक शोषण का शिकार हो रही हैं। फर्जी पहचान, धोखेबाजी और ब्लैकमेलिंग के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिससे कई बार पीड़िताओं की निजी जिंदगी और मानसिक स्थिति पूरी तरह तबाह हो जाती है।सोशल मीडिया पर किसी भी अजनबी की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें: अपना फोन नंबर, पता या वित्तीय विवरण ऑनलाइन साझा न करें।अगर बात करें भी, तो सामने वाले की सच्चाई की पूरी जांच करें।तुरंत शिकायत करें: किसी भी तरह की धमकी मिलने पर तुरंत परिवार को बताएं और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

**मनोज कुमार अग्रवाल**




**मेष** : आज जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू करने से बचें। भावनात्मक तनाव रह सकता है। कार्यस्थल पर धैर्य से काम लें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय करें।

**वृषभ** : परिवार और साझेदारी से जुड़े मामलों में संतुलन बनाए रखें। कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। खर्च पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** : कार्यक्षमता और संवाद क्षमता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण काम पूरे होने के योग हैं। नौकरी-व्यवसाय में लाभ मिल सकता है। क्रोध और जल्दबाजी से बचें।

**कर्क**: कामकाज में सुधार के अवसर मिलेंगे। किसी पुराने मामले का समाधान हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक फैसले सावधानी से लें।

**सिंह** : आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी बात को महत्व मिलेगा। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**कन्या** : मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**तुला** : करियर में आपकी बुद्धिमत्ता और कार्यकुशलता की सराहना होगी। रुके काम पूरे हो सकते हैं। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। दिन सकारात्मक रहेगा।

**वृश्चिक** : भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचें। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु** : भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में लाभ के योग हैं। मित्रों और रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा।

**मकर** : धैर्य और अनुशासन से काम लेने पर सफलता मिलेगी। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें।

**कुंभ** : नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अवसर मिल सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। गलत संगति से दूर रहें और अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान दें।

**मीन** : पुराने काम पूरे होने से राहत मिलेगी। परिवार और संतान का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों की प्रशंसा मिल सकती है।

आर्थिक स्थिति बेहतर होने के संकेत हैं। आज निर्णय लेते समय धैर्य और संयम बनाए रखें। छोटी बातों को लेकर तनाव लेने से बचें।

# अतिक्रमण का जाल और रेंगती आम आदमी की जिंदगी


राजीव शुक्ला -(संपादक)

शहरों की पहचान केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और चमकते बाजारों से नहीं होती। किसी शहर की असली तस्वीर उसकी सड़कों, फुटपाथों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई देती है। जब यही सार्वजनिक स्थान अतिक्रमण की गिरफ्त में आ जाते हैं, तो विकास की चमक के पीछे आम आदमी की जिंदगी धीरे-धीरे रेंगने लगती है। अतिक्रमण आज केवल सड़क किनारे दुकान लगाने या फुटपाथ पर सामान रखने तक सीमित समस्या नहीं रह गया है। सड़क की जमीन पर कब्जा, नालियों के ऊपर निर्माण, फुटपाथों पर स्थायी दुकानें, पार्किंग के नाम पर सार्वजनिक स्थानों का इस्तेमाल और गलियों तक में फैलते अवैध निर्माण ने शहरों की व्यवस्था को प्रभावित किया है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा उस नागरिक को भुगतना पड़ता है, जिसके पास न ताकत है, न प्रभाव और न ही व्यवस्था से लगातार संघर्ष करने का समय।

**सड़कें छोटी, समस्याएं बड़ी**

अतिक्रमण का सबसे सीधा असर यातायात पर पड़ता है। जिस सड़क का निर्माण वाहनों और पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए हुआ था, उसका एक बड़ा हिस्सा दुकानों, ठेलों, पार्किंग या निर्माण सामग्री की भेंट चढ़ जाता है। परिणामस्वरूप सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम होती जाती है और यातायात का दबाव बढ़ता जाता है। कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों लगना अब कई शहरों में असामान्य नहीं है। वाहन ईंधन जलाते रहते हैं, लोग समय गंवाते हैं और प्रदूषण बढ़ता रहता है। इस पूरी व्यवस्था की कीमत अंतत: आम आदमी ही चुकाता है।

**फुटपाथ गायब, पैदल यात्री परेशान**

फुटपाथ का उद्देश्य पैदल चलने वालों को सुरक्षित रास्ता देना है। लेकिन जब फुटपाथ पर दुकानें, वाहन, विज्ञापन बोर्ड और अस्थायी निर्माण कब्जा कर लेते हैं, तो पैदल यात्री सड़क पर चलने के लिए मजबूर हो जाता है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं और दिव्यांग नागरिक ऐसी स्थिति में सबसे अधिक परेशान होते हैं। सड़क पर चलते पैदल यात्री और तेज रफ्तार वाहनों का टकराव दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाता है। सवाल यह है कि जिस नागरिक के लिए फुटपाथ बनाया गया, उसे आखिर उसी फुटपाथ से हटने के लिए क्यों मजबूर होना पड़े?

**जलभराव की समस्या को बढ़ाता अतिक्रमण**

अतिक्रमण का एक गंभीर और अक्सर नजरअंदाज किया जाने वाला परिणाम जलभराव है। नालियों और जलनिकासी के रास्तों पर निर्माण होने से बारिश का पानी अपना प्राकृतिक रास्ता नहीं पा पाता। कई जगह नालियां ढक दी जाती हैं या उनका आकार इतना छोटा कर दिया जाता है कि पानी का प्रवाह बाधित होने लगता है। बारिश होते ही सड़कें तालाब में बदल जाती हैं। घरों और दुकानों में पानी घुसता है, यातायात ठप होता है और नागरिकों को घंटों परेशानी उठानी पड़ती है। हर वर्ष जलभराव के बाद सफाई और नाला खुदाई की कवायद होती है, लेकिन यदि जलनिकासी के रास्तों पर कब्जे कायम रहें तो समस्या स्थायी रूप से कैसे समाप्त होगी?

**अतिक्रमण और भ्रष्टाचार का सवाल**

अतिक्रमण केवल प्रशासनिक कमजोरी का परिणाम है या इसके पीछे किसी स्तर पर मिलीभगत भी है—यह सवाल बार-बार उठता है। किसी सड़क या सार्वजनिक जमीन पर एक दिन में स्थायी कब्जा नहीं हो जाता। पहले अस्थायी कब्जा होता है, फिर वह धीरे-धीरे स्थायी रूप लेता है और अंतत: नागरिक उसे सामान्य स्थिति मानने लगते हैं।

यदि नियम स्पष्ट हैं और सरकारी जमीन की निगरानी होती है तो वर्षों तक अवैध निर्माण कैसे खड़े रहते हैं? यदि कार्रवाई होती है तो कुछ समय बाद वही स्थान फिर अतिक्रमण से कैसे भर जाते हैं?

इन सवालों का जवाब केवल छोटे दुकानदार या ठेले वाले को दोषी ठहराकर नहीं दिया जा सकता। व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि अतिक्रमण को पनपने का अवसर कौन देता है और कार्रवाई के बाद उसे दोबारा खड़ा होने से कौन रोकता है।

**रोजगार बनाम व्यवस्था—समस्या का कठिन पक्ष**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का दूसरा पहलू भी है। बड़ी संख्या में छोटे दुकानदार, रेहड़ी-पटरी वाले और फुटपाथ पर कारोबार करने वाले लोग अपनी आजीविका के लिए सार्वजनिक स्थानों पर निर्भर हैं। अचानक सामान हटाने से उनकी रोजी-रोटी प्रभावित होती है। इसलिए समाधान केवल बुलडोजर या जबरन हटाने में नहीं है। प्रशासन को व्यवस्थित वेंडिंग जोन, वैकल्पिक बाजार और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था विकसित करनी होगी। गरीब की रोजी भी बचे और सार्वजनिक रास्ता भी—यह संतुलन ही वास्तविक प्रशासनिक सफलता होगी।

**कानून सबके लिए समान होना चाहिए**

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में सबसे बड़ी आवश्यकता समानता की है। यदि गरीब की छोटी दुकान हटाई जाए लेकिन प्रभावशाली व्यक्ति का बड़ा अवैध निर्माण वर्षों तक खड़ा रहे, तो नागरिकों का कानून और प्रशासन पर विश्वास कमजोर होता है। कानून का अर्थ तभी है जब वह बिना भेदभाव लागू हो। सड़क पर कब्जा करने वाला चाहे छोटा दुकानदार हो या बड़ा कारोबारी, सार्वजनिक जमीन पर अवैध निर्माण करने वाला चाहे कोई भी हो—नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए।

**शहर केवल वाहनों के लिए नहीं हैं**

शहरी नियोजन में अक्सर सड़क चौड़ी करने, फ्लाईओवर बनाने और यातायात बढ़ाने पर जोर दिया जाता है, लेकिन पैदल चलने वाले नागरिक की जरूरतों को उतना महत्व नहीं मिलता। वास्तव में स्वस्थ शहर वह है जहां व्यक्ति सुरक्षित पैदल चल सके, सार्वजनिक परिवहन तक आसानी से पहुंच सके और बारिश के दिनों में जलभराव से न जूझे। अतिक्रमण हटाना केवल सड़क खाली कराने का अभियान नहीं होना चाहिए। यह शहर को नागरिकों के लिए वापस हासिल करने की प्रक्रिया होनी चाहिए।

**आम आदमी की जिंदगी कब तेज चलेगी?**

आज आम नागरिक का बड़ा हिस्सा अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अनावश्यक समय यातायात, जाम, पार्किंग और जलभराव में गंवा देता है। जिस दूरी को कुछ मिनटों में पूरा होना चाहिए, वह घंटों में पूरी होती है। यही वह स्थिति है जिसे कहा जा सकता है—शहर बढ़ रहे हैं, लेकिन आम आदमी की जिंदगी रेंग रही है। अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक ईमानदारी और बेहतर शहरी नियोजन से ही संभव है। केवल अभियान चलाकर तस्वीर नहीं बदलेगी। अतिक्रमण हटाने के बाद उस स्थान का नियमित निरीक्षण, डिजिटल रिकॉर्ड, स्पष्ट पार्किंग नीति, व्यवस्थित वेंडिंग जोन और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी। सड़कें जनता की हैं, फुटपाथ जनता के हैं, नालियां जनता के लिए हैं और सार्वजनिक जमीन भी जनता की संपत्ति है। जब इन पर कब्जा होता है तो नुकसान केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का होता है। जरूरत इस बात की है कि शहरों को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम को केवल दिखावटी कार्रवाई न बनाया जाए। प्रशासन को गरीब की आजीविका और नागरिकों के अधिकार—दोनों के बीच संतुलन कायम करना होगा। तभी शहरों की सड़कें खुलेंगी, जलभराव घटेगा, यातायात सुधरेगा और सबसे महत्वपूर्ण—आम आदमी की जिंदगी रेंगने के बजाय आगे बढ़ सकेगी।

# सुनीता विलियम्स से शुभांशु शुक्ला तक; अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत ने दुनिया का ध्यान खींचा

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल चंद्रमा तक पहुंचने की कहानी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, वैज्ञानिक क्षमता और अंतरिक्ष में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी है। 23 अगस्त भारत के लिए केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों और अंतरिक्ष में बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचा। भारत चंद्रमा पर उतरने वाला दुनिया का चौथा देश बना और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास पहुंचने वाला पहला देश बना। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस भारत की उस लंबी यात्रा को याद करने का अवसर है, जो सीमित संसाधनों से शुरू होकर आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग और मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षा तक पहुंच चुकी है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा की चर्चा सुनीता विलियम्स के बिना भी पूरी नहीं होती। भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने अमेरिकी अंतरिक्ष कार्यक्रम में अपनी असाधारण उपलब्धियों से पूरी दुनिया में पहचान बनाई। अमेरिकी नौसेना की अधिकारी और पायलट के रूप में लंबा अनुभव हासिल करने के बाद उन्होंने नासा के अंतरिक्ष यात्री दल में प्रवेश किया। उन्होंने भौतिक विज्ञान में स्नातक और इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की। हेलीकॉप्टर और फिक्स्ड-विंग विमान उड़ाने का व्यापक अनुभव रखने वाली सुनीता ने तीन अंतरिक्ष मिशनों में हिस्सा लिया और अपने करियर में 600 से अधिक दिन अंतरिक्ष में बिताए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की कमान भी संभाली और कई स्पेसवॉक किए। उनकी उपलब्धियां भारतीय मूल के युवाओं के लिए लंबे समय से प्रेरणा का स्रोत रही हैं। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियों के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष इतिहास में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का नाम एक नए अध्याय के रूप में सामने आया। 25 जून 2025 को वह एक्सिओम-4 मिशन के पायलट के रूप में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे। इसके साथ वह आईएसएस तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। वह अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय नागरिक हैं। उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत मिशन के साथ अंतरिक्ष की यात्रा की थी। शुभांशु शुक्ला की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण रही क्योंकि यह केवल एक अंतरिक्ष यात्रा नहीं थी, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए वास्तविक अनुभव हासिल करने का अवसर भी बनी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शुभांशु शुक्ला ने करीब 18 दिन बिताए और भारत से जुड़े कई वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। सूक्ष्मगुरुत्व वातावरण में किए गए इन प्रयोगों में टार्डिग्रेड, मांसपेशियों पर अंतरिक्ष के प्रभाव, मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरण, साइनोबैक्टीरिया तथा सूक्ष्म शैवाल जैसे विषय शामिल थे। इन प्रयोगों से मिले परिणाम भविष्य के भारतीय मानव अंतरिक्ष अभियानों के लिए उपयोगी हो सकते हैं। इस मिशन ने यह भी दिखाया कि भारत अब अंतरिक्ष यात्रियों को केवल दूसरे देशों के मिशनों के माध्यम से अंतरिक्ष तक पहुंचाने की स्थिति में नहीं रहना चाहता, बल्कि अपनी मानव अंतरिक्ष क्षमता विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की यह उपलब्धि अचानक नहीं आई। इसकी नींव उस समय रखी गई थी जब देश के पास संसाधन सीमित थे, लेकिन वैज्ञानिकों के सपने बहुत बड़े थे। 19 अप्रैल 1975 को आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा मिली। इसके बाद भारत ने संचार, मौसम, पृथ्वी अवलोकन, दूरसंचार और नेविगेशन जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमताएं विकसित कीं। इसरो ने धीरे-धीरे ऐसी तकनीक तैयार की जिसने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया और दुनिया के सामने उसकी अलग पहचान स्थापित की। मंगलयान भारत की अंतरिक्ष यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। 2013 में लॉन्च हुआ यह मिशन भारत की अंतरग्रहीय क्षमता का प्रतीक बना। इसके बाद चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 ने चंद्रमा के अध्ययन को आगे बढ़ाया। चंद्रयान-3 ने इन प्रयासों को ऐतिहासिक सफलता में बदल दिया। विक्रम लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर के वैज्ञानिक प्रयोगों ने दुनिया को दिखाया कि भारत जटिल अंतरिक्ष अभियानों को सीमित लागत और संसाधनों में भी सफलतापूर्वक पूरा करने की क्षमता रखता है। चंद्रमा के बाद भारत ने सूर्य की ओर भी अपनी नजरें बढ़ाईं। आदित्य-एल1 मिशन सूर्य के अध्ययन की दिशा में भारत का महत्वपूर्ण कदम है। जनवरी 2024 में इसे सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के एल1 बिंदु के आसपास की कक्षा में स्थापित किया गया। इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक सूर्य की गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम को समझने की कोशिश कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा अब केवल चंद्रमा तक सीमित नहीं है। देश ग्रहों, तारों और अंतरिक्ष के व्यापक रहस्यों को समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत का अगला बड़ा लक्ष्य मानव अंतरिक्ष उड़ान है। गगनयान कार्यक्रम इसी महत्वाकांक्षा का सबसे बड़ा प्रतीक है। भारत अपने अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी तकनीक के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए भारतीय वायुसेना के चयनित परीक्षण पायलटों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचना इस तैयारी के लिए महत्वपूर्ण अनुभव लेकर आया है। यदि गगनयान मिशन सफल होता है तो भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा जिनके पास अपने नागरिकों को स्वदेशी क्षमता से अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता है। अंतरिक्ष कार्यक्रम का महत्व केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। आज अंतरिक्ष तकनीक आम नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ चुकी है। मौसम की जानकारी, कृषि, आपदा प्रबंधन, संचार, नेविगेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे की निगरानी में उपग्रहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम देश की आर्थिक और सामाजिक विकास यात्रा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग जितना बढ़ेगा, उतना ही इसका प्रभाव आम लोगों के जीवन पर दिखाई देगा। भारत की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रतिष्ठा भी लगातार मजबूत हुई है। नासा के साथ सहयोग, विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण, चंद्र और मंगल मिशन तथा मानव अंतरिक्ष उड़ान की तैयारियों ने भारत को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। निसार मिशन भारत और अमेरिका के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग का उदाहरण है। यह साझेदारी बताती है कि भारत अब केवल अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस नई पीढ़ी के सपनों से भी जुड़ा है। इस दिवस का उद्देश्य केवल चंद्रयान-3 की सफलता का उत्सव मनाना नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं में विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान के प्रति रुचि पैदा करना भी है। आर्यभट्ट से चंद्रयान-3 और वहां से गगनयान तक की यात्रा बताती है कि वैज्ञानिक सपनों को निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के साथ वास्तविकता में बदला जा सकता है। आज भारत के सामने सवाल यह नहीं है कि वह अंतरिक्ष में पहुंच सकता है या नहीं। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 और शुभांशु शुक्ला की यात्रा इसका जवाब दे चुकी है। अब सवाल यह है कि भारत अंतरिक्ष में कितनी दूर तक जाएगा।

सुनीता विलियम्स का लंबा अंतरिक्ष करियर भारतीय मूल की प्रतिभा की वैश्विक पहचान का उदाहरण है, जबकि शुभांशु शुक्ला की यात्रा भारत की अपनी बढ़ती क्षमता का संकेत है। आर्यभट्ट से शुरू हुई यह यात्रा चंद्रमा की सतह तक पहुंची, सूर्य के अध्ययन तक आगे बढ़ी, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंची और अब भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान के सपने की ओर बढ़ रही है। यह केवल अंतरिक्ष की कहानी नहीं, बल्कि बदलते भारत की कहानी है।

**कांतिलाल मांडोत**

# प्रतापगढ़ के उत्कृष्ट पाण्डेय ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती से आत्मनिर्भरता की बनायी बड़ी मिसाल

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में धारणीय कृषि (Sustainable Agriculture), मृदा स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा कृषकों की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता के आधार पर निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर पारंपरिक तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को मुख्यधारा में स्थापित करने के लिए अनेक दूरगामी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। इन नीतिगत पहलों के परिणामस्वरूप प्रदेश में विषमुक्त, सुरक्षित खाद्यान्न उत्पादन और कृषि लागत में कमी की एक नई कार्यसंस्कृति विकसित हो रही है। राज्य सरकार के इन प्रयासों का प्रत्यक्ष और सकारात्मक प्रभाव जनपदों में धरातल पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ अंतर्गत विकास खण्ड मंगरौरा के ग्राम भदौना निवासी युवा कृषक उत्कृष्ट पाण्डेय ने जैविक कृषि मॉडल को अपनाकर न केवल अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है, बल्कि वे समूचे क्षेत्र के काश्तकारों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। उनकी सफलता इस तथ्य को पुष्ट करती है कि आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सटीक प्रबंधन और प्रकृति-अनुकूल सोच के साथ की गई खेती सम्मानजनक आय तथा आत्मनिर्भरता का एक सशक्त माध्यम है। उत्कृष्ट पाण्डेय ने लगभग एक दशक पूर्व पैरामिलिट्री में राजपत्रित अधिकारी पद की सेवा छोड़कर गृह जनपद लौटने और कृषि को पूर्णकालिक व्यवसाय बनाने का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने पारंपरिक रासायनिक खेती के स्थान पर पूर्णत: जैविक कृषि को अपनाया और 'ऋषि ग्राम ऑर्गेनिक्स मण्डल' की स्थापना की। वर्तमान में वे समन्वित कृषि प्रणाली, पौध उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन के जरिए प्रतिवर्ष 10 से 12 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। रासायनिक आदानों (केमिकल इनपुट) के दुष्प्रभावों को देखते हुए उन्होंने अपने फार्म को एक समग्र जैविक मॉडल के रूप में विकसित किया है। फार्म पर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए जीवामृत, घनजीवामृत और कम्पोस्ट का नियमित प्रयोग किया जा रहा है, जिससे भूमि में जैविक कार्बन का स्तर सुधरा है। यहां मौसमी खाद्यान्न, दलहन, तिलहन और औषधीय फसलों का चक्रानुक्रम में उत्पादन किया जा रहा है। प्रतापगढ़ के इस कृषि मॉडल की प्रमुख उपलब्धियों में सफेद चन्दन का रोपण शामिल है। फार्म परिसर में लगभग 2500 सफेद चन्दन के वृक्ष रोपित किए गए हैं, जो दीर्घकालिक निवेश की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी हैं। चन्दन की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने और अन्य काश्तकारों को जोड़ने के लिए परिसर में ही उच्च गुणवत्तायुक्त पौधशाला भी विकसित की गई है, जहाँ से क्षेत्रीय किसानों को प्रामाणिक पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। औषधीय फसलों के विविधीकरण के अंतर्गत लगभग दो एकड़ क्षेत्रफल में पीली, काली एवं कस्तूरी हल्दी की सघन खेती की जा रही है। औषधीय गुणों से युक्त इन विशिष्ट प्रजातियों की बाजार में अत्यधिक मांग रहती है और सामान्य हल्दी की तुलना में बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। उत्कृष्ट पाण्डेय द्वारा स्थानीय स्तर पर किसानों को इन प्रजातियों के शुद्ध बीज भी सुलभ कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में औषधीय कृषि का दायरा बढ़ रहा है। उत्पादन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण को आय वृद्धि का मुख्य आधार बनाया गया है। फार्म पर उत्पादित फसलों को प्रसंस्कृत कर 'ऋषि ग्राम' ब्रांड के तहत विपणन किया जा रहा है। प्रमुख उत्पादों में गुणवत्तापूर्ण हल्दी पाउडर, बिलौना घी, आंवला मुरब्बा, काला नमक चावल और अरहर दाल शामिल हैं। इन प्रसंस्कृत उत्पादों की मांग जनपद एवं प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के बाजारों में भी निरंतर बनी हुई है। यह फार्म अब केवल उत्पादन इकाई तक सीमित न रहकर काश्तकारों के लिए एक व्यावहारिक शिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। क्षेत्रीय कृषक यहां जैविक पोषण तैयार करने, पौधशाला प्रबंधन, औषधीय फसलों के रोपण और प्राथमिक प्रसंस्करण की बारीकियां सीखने पहुंचते हैं। नियमित तकनीकी संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान से आसपास के कई किसान जैविक विधियों को अपनाने के लिए अग्रसर हुए हैं। राज्य स्तर पर जैविक कृषि के विस्तार के लिए 'नमामि गंगे योजना' के अंतर्गत सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। गंगा नदी के प्रवाह क्षेत्र वाले जनपदों में दोनों तटों पर विशेष जैविक कृषि क्लस्टरों का गठन कर किसानों को प्राकृतिक विधियों से आच्छादित किया गया है। इसका उद्देश्य जलग्रहण क्षेत्र में रासायनिक अपवाह को रोककर उपजाऊ कछारी भूमि की प्राकृतिक उर्वरता को सुरक्षित रखना तथा नदी की निर्मलता बनाए रखना है। केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से संचालित 'परंपरागत कृषि विकास योजना' और 'राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन' के माध्यम से क्लस्टर आधारित कृषि को वित्तीय व तकनीकी संबल प्रदान किया जा रहा है। किसानों को वर्मीकम्पोस्ट इकाइयों के निर्माण तथा प्राकृतिक पोषण घटकों के उपयोग हेतु सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। समस्त देय लाभ एवं प्रोत्साहन धनराशि को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सीधे कृषकों के बैंक खातों में अंतरित किया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर जैविक आदानों (ऑर्गेनिक इनपुट) की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बायो-इनपुट रिसोर्स केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को गुणवत्तापूर्ण जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत और वानस्पतिक कीटनाशक उचित दरों पर उपलब्ध हो रहे हैं जिससे उन्हें निजी स्तर पर जटिल संसाधन जुटाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जैविक उत्पादों की प्रामाणिकता और विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'पार्टिसिपेटरी गारंटी सिस्टम' (पीजीएस-इंडिया) प्रमाणीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से किसानों को बड़े बाजारों, खुदरा श्रृंखलाओं, प्रसंस्करण उद्योगों और सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे मध्यस्थों की भूमिका समाप्त हो रही है और उपज का प्रीमियम मूल्य प्राप्त हो रहा है। प्रमाणित उत्पादों की सुगम बिक्री के लिए प्रदेश के प्रमुख नगरों में जैविक हाट और विशिष्ट विक्रय केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कृषि विज्ञान केंद्रों और प्रसार तंत्र के माध्यम से किसानों को निरंतर समसामयिक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्थानीय जलवायु और बाजार की मांग के अनुरूप फसल चक्र निर्धारित कर सकें। प्रदेश में लागू इन सुविचारित नीतियों के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र में व्यापक संरचनात्मक सुधार दर्ज हो रहा है। रासायनिक खादों के विकल्प के रूप में प्राकृतिक आदानों के प्रयोग से उत्पादन लागत में उल्लेखनीय गिरावट आई है और प्रति हेक्टेयर शुद्ध लाभ में वृद्धि हुई है। साथ ही, भूमि में जैविक कार्बन का संवर्धन होने से जल-धारण क्षमता और मित्र कीटों की संख्या में सुधार हुआ है। जनपद प्रतापगढ़ में उत्कृष्ट पाण्डेय जैसे प्रगतिशील काश्तकारों द्वारा स्थापित किए गए सफल मॉडल यह स्पष्ट करते हैं कि यदि शासकीय योजनाओं, तकनीकी प्रशिक्षण और उद्यमिता का सही समन्वय हो, तो कृषि युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन सकती है। प्रदेश सरकार की यह समग्र नीति राज्य को धारणीय कृषि, मृदा संरक्षण और आर्थिक समृद्धि के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा रही है।

**सूचनाधिकारी जनपद प्रतापगढ़ / डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# जनपद में हुई बरसात के कारण स्विमिंग पुल बना पाली थाना

## थाने में नाले का पानी भरने से पुलिसकर्मियों के साथ-साथ फरियादियों को हुई काफी परेशानी

पाली नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ भ्रष्टाचार की भी खुली पोल

ग्रामीणों ने सफाई के लिए शासन द्वारा भेजे गए बजट में बंदरबांट करने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



बरसात का मौसम शुरू होने के पहले योगी सरकार ने नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में नल और नालियों की सफाई के लिए एक बजट उपलब्ध कराया था और निश्चित समय समय अवधि में उनकी सफाई करने के लिए निर्देश जारी किए थे। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा सरकार के इन आदेशों निर्देशों को ताक पर रखा गया और बजट का भी बंदर बांट किया गया, जिसके चलते नगर पालिका क्षेत्र से लेकर नगर पंचायत क्षेत्र तक जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई। हाल ही में पाली नगर पंचायत की बदहाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित होने वाले थाना परिसर में नालियों का गंदा पानी भरने के कारण वहां पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे इलाके के लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह वायरल वीडियो इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बरसात शुरू होने से पहले ही शासन द्वारा नगर पालिका नगर पंचायत को कुछ बजट भेजा गया था, जिससे उनके इलाके में नालियों और नालों की सफाई कराई जा सके, ताकि पानी की निकासी संभव हो सके और जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। लेकिन शासन द्वारा भेजे गए बजट में बंदर बांट कर लिया गया और नाली तथा बड़े नालों की सफाई पर्याप्त मात्रा में नहीं कराई गई, जिस कारण बरसात के बीच अब जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। आलम यह है कि नगर पालिका क्षेत्र में नाली और नालों की सफाई न होने के कारण हुई बरसात से शहर के कई मोहल्ले में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई, तो निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पानी तक घुस गया और उनका घरेलू सामान भी खराब हुआ । इसके साथ ही नगर पंचायत में भी भ्रष्टाचार के चलते शासन द्वारा भेजी गई धनराशि का बंदर बांट कर लिया गया और नालियों की सफाई नहीं कराई, जिस कारण वहां भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। हाल ही में पाली नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित थाना पालिका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें हो रही बरसात के बीच थाना प्रांगण में बरसात का पानी निकासी न होने के कारण भर गया और थाना जलमग्न होने की कगार पर पहुंच गया। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि थाना परिसर में जल भरा हुआ है, जहां पुलिसकर्मियों को तो परेशानी हुई है, साथ ही आने वाले फरियादियों को भी पानी में से होकर थाने तक जाना पड़ा। यदि स्थानीय ग्रामीणों की माने, तो नगर पंचायत द्वारा सफाई के लिए निर्धारित किए गए बजट में बंदर बांट किया गया है और पर्याप्त मात्रा में नल और नालियों की सफाई नहीं कराई गई,जिस कारण पूरे कस्बे में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और थाने में भी यही स्थिति है। बताया गया है कि थाने के पास से बहने वाले नाले का निर्माण नहीं कराया गया, जिस कारण बरसात का पानी थाने के अंदर भर गया और पुलिसकर्मी परेशान हुए। भरी बरसात के बीच पाली नगर पंचायत की बदहाली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सैदपुर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

» घर में घुसकर मारपीट और धारदार हथियार से हमला
» दो अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत कई लोग घायल
» दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में दो अलग-अलग घटनाओं को लेकर विवाद और मारपीट के मामले सामने आए हैं। एक घटना में घर में घुसकर पथराव और लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप है, जबकि दूसरी घटना में बैठने को लेकर हुए विवाद के दौरान बड़े पापा और भतीजे पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई है। दोनों मामलों में महरौनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 20 अगस्त 2026 की सुबह करीब आठ बजे की बताई गई है। ग्राम सैदपुर निवासी रानी पुत्री धनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पार्वती पत्नी देशराज, देशराज पुत्र चऊदा, अनिल पुत्र देशराज और रुकमन पुत्री देशराज उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर से बाहर निकलने के लिए लगाए गए पत्थरों को हटा दिया। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। रानी के मुताबिक, बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बहन नीतू और पिता धनीराम के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोपियों पर घर में तोड़फोड़ करने तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले जाने का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352, 351(3) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी घटना 21 अगस्त 2026 की शाम करीब चार बजे की बताई गई है। ग्राम सैदपुर निवासी नीरज पुत्र हल्लू कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने बैठने को लेकर विवाद हुआ। नीरज के अनुसार, सुखलाल पुत्र बरजोरे, राघवेन्द्र पुत्र सुखलाल और लक्ष्मण पुत्र सुखलाल उनके बड़े पापा भागीरथ कुशवाहा के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि जब नीरज अपने बड़े पापा को बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### पूराकला क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह खेरा एड. ने इलाके के विकास की रूपरेखा की तैयार

**ललितपुर**। शनिवार को जनपद दौरे पर आए प्रदेश सरकार के जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी से पूरा कला क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह ने मुलाकात की और अपने क्षेत्र के विकास के लिए बनाई गई रूपरेखा से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिए और सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

प्रभारी मंत्री को दिए गए ज्ञापन में पूरा कला सीट की जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि विकासखंड तालबेहट के आधा दर्जन ग्रामों के मजरों में जिनकी आवादी 250 से अधिक है, उन ग्रामों बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की परेशानी पर प्रदेश सरकार की मंशा को देखते हुए ग्राम रजपुरा का मजरा नई वस्ती टगर में 50 घरों लगभग दूरी 1 किमी0, कड़ेसराखुर्द का मजरा रामनगर 20 घरों लगभग दूरी 2 किमी, पूराकलां का मुहल्ला छोटे बाबा एवं पठेले के तरफ 20-20 घरों लगभग दूरी 500 मीटर, ग्राम कड़ेसरा वांसी का मजरा डूडा लगभग 40 घरों दूरी लगभग 500 मीटर, ग्राम धनगौल, हथनीटोर, झाड़ी बाबा, रा0 हाईस्कूल दूरी लगभग 2 किमी0 एयर ग्राम भूचेरा का मजरा तेरा दलीत बस्ती 40 घरों दूरी लगभग 1 किमी0 उक्त मजरों में जल्द से जल्द विद्युतीकरण कराई जाय, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही दूसरे ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि मण्डी परिषद की गढ़ढायुक्त जर्जर खस्ता हाल सड़कों का नबीनीकरण कराया जाना अति आवश्यक है क्योंकि ग्रामीणों को क्षेत्र में आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहाँ की सड़के काफी सड़के जर्जर खस्ताहाल गढ़ढायुक्त है, जो विगत पाँच-छै वर्ष से नवीनीकरण नहीं हुए है। जिससे क्षेत्रीय जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खस्ताहाल सड़कों में पूराकलां से धमना समा0 दूरी 5 किमी, रजपुरा से झूमर नाथ बटवाहा, कंगीरपुरा समा0 दूरी 4 किमी०, ऐवनी का मजरा बक्से वाली समा0 दूरी 1 किमी0, तेरई फाटक से देवामाता, दौलता, टपरियन समा0 दुरी 4 किमी0 शामिल है, इसलिए इन सभी सड़कों का नवीनीकरण कराया जाना बहुत जरूरी है।

# शहर के दो अलग-अलग स्थान से चोरों ने एक साइकिल और एक बाइक की चोरी

» सदन शाह इलाके के कोचिंग सेंटर के बाहर से साइकिल और तुवन मंदिर प्रांगण से बाइक हुई चोरी
» दोनों ही घटनाएं इलाके के सीसीटीवी में कैद सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के दिशा निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से लगातार गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद जनपद क्षेत्र में हो रही वाहनों की चोरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। हाल ही में शहर के सदन शाह इलाके में संचालित एक कोचिंग सेंटर के बाहर से एक छात्र की साइकिल तो तुवन मंदिर प्रांगण से दर्शन करने आए एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गई। इन दोनों ही घटनाओं की इलाके के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

गुरुवार को सोशल मीडिया पर शहर के दो अलग-अलग स्थान पर हुई चोरी के वीडियो वायरल हुए, जिनमें एक युवक कोचिंग सेंटर के बाहर से एक साइकिल चोरी कर ले जाता हुआ नजर आया, तो दूसरी घटना में शहर के तुवन मंदिर प्रांगण से भी एक बाइक चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी करने पर पता चला कि दोनों ही घटनाएं अलग-अलग समय पर हुई हैं। बताया गया है कि सदन शाह इलाके में स्थित केके जैन नर्सिंग होम के पीछे संचालित होने वाले एक कोचिंग सेंटर पर जब कुछ बच्चे कोचिंग पढ़ने के लिए आए हुए थे, तभी वहां पर एक अज्ञात युवक आया और कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे एक छात्र की साइकिल लेकर वहां से रफू चक्कर हो गया। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हुई,जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस वायरल वीडियो में घर के बाहर खड़ी हुई एक साइकिल को ले जाता हुआ एक युवक दिखाई दे रहा है। तो वहीं दूसरी घटना में तुवन मंदिर के बाहर लगी रेलिंग के पास ख़डी दर्शन करने आए श्रद्धालु की बाइक को भी एक युवक चोरी कर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। बताया गया है कि जब श्रद्धालु मंदिर से दर्शन कर बाहर आया, तो उसे उसकी बाइक वहां नहीं मिली, जिसके बाद उसने शोर मचाया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस दौरान वहां पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को जब देखा गया, तो उसमें दिखाई दे रहा है कि भीड़ के बीच एक युवक आया और श्रद्धालु की बाइक पर पहले तो बैठ गया और इधर-उधर झांकने लगा। इसके बाद उसने एक चाबी अपनी जेब से निकली और बाइक में लगाकर उसका लॉक खुल और वहां से लेकर रफू चक्कर हो गया। इन दोनों ही घटनाओं को लेकर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिए गए हैं और कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुट गई है।

# गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चार अभियुक्त चढ़े सदर कोतवाली पुलिस के हत्थे

» अभियुक्ततों में दो सगे भाई हैं शामिल
» शातिर अभियुक्तों में हत्या, हत्या का प्रयास, जुआ, गैंगस्टर जैसे दर्जनों मामले हैं शामिल
» सदर कोतवाली पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

गैंगस्टर एक्ट की आप में वांछित चल रहे दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उन्हें जेल भेज दिया है बताया गया है कि चारों अभियुक्तों पर हत्या, हत्या का प्रयास, जुआ सहित कई संगीन अपराध दर्ज हैं और न्यायालय में विचाराधीन चल रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से लगातार चेकिंग और ग्रस्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी के साथ ही वांछित अभियुक्त की धर पकड़ के लिए भी लगातार छापेमार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बताया गया है कि पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 906/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण गोलू उर्फ फिरोज पुत्र सलीम कुरैशी उम्र 32 वर्ष, आमिर पुत्र सलीम कुरैशी उम्र 34 वर्ष निवासी मोहल्ला कसाई मंडी अजीतापुरा, जावेद खान पुत्र बबलू उर्फ इरशाद खान उम्र 32 वर्ष निवासी जामा मस्जिद के सामने मोहल्ला घुसयाना और सूरज उर्फ फुल्ला अहिरवार पुत्र देवेंद्र सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी झाँसीपुरा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बताया गया है कि चारों शातिर किस्म की अपराधी हैं और उन पर दर्जनों हत्या हत्या का प्रयास जुआ अवैध वसूली जैसे कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और न्यायालय में विचाराधीन चल रहे हैं। चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सदर कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी पुरी पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

# विज्ञान बस के प्रयोगों ने मोहा विद्यार्थियों का मन,विज्ञान के प्रति बढ़ी जिज्ञासा

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार के निर्देशन में जनपद के दूरस्थ क्षेत्र में चल रही विज्ञान बस के विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विज्ञान बस का अवलोकन लगभग 850 छात्र-छात्राओं ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी में किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि विज्ञान बस के आगमन से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विज्ञान को केवल पुस्तकीय ज्ञान के रूप में न देखकर उसे प्रयोग एवं गतिविधियों के माध्यम से समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के विज्ञान प्रसार कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया गया। विद्यालय की शिक्षक शैलेंद्र श्रीमाली ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, तर्कशीलता एवं नवाचार की भावना विकसित करना तथा उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीन प्रयोगों से परिचित कराना रहा।

जिला विज्ञान क्लब, ललितपुर द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रमों को जनपद के विभिन्न विद्यालयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। किस अवसर पर जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राहुल जैन,शिक्षक करुणेश शंकर,कुंवर सिंह,राजेश दीक्षित आदि अन्य विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# वाहन ठीक कराने के पैसे मांगने पर मैकेनिक से मारपीट का आरोप

**तालबेहट**। कोतवाली क्षेत्र के तरगुवा निवासी ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

प्रार्थी के मुताबिक 21 अगस्त को दोपहर करीब 2:35 बजे वह ग्राम तरगुवा स्थित टीवीएस एजेंसी पर मिस्त्री का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राम बरौदा डांग निवासी बताए गए शानिराजा पुत्र बहोरन सिंह, अनमोल सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह पुत्र कल्याण सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी बाइक ठीक कराई। वाहन ठीक करने के बाद जब उसने मेहनताना मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। प्रार्थी ने पूरी घटना एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड होने की बात कही है। उसने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हरिजन एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई करने तथा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गौ-तस्करी और अवैध वसूली के आरोपों में मोहसिन कुरैशी समेत नौ पर गैंगस्टर एक्ट का शिकंजा

**जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदित गैंगचार्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

हत्या समेत कई गंभीर मामलों का उल्लेख

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में कथित रूप से सक्रिय एक संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित गैंगचार्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गैंगलीडर मोहसिन कुरैशी समेत नौ आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्यों पर गौ-तस्करी, अवैध वसूली, मारपीट, धमकी और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के आरोप हैं। गिरोह का कथित सरगना कसाई मण्डी निवासी मोहसिन कुरैशी पुत्र सलीम कुरैशी है। आरोप है कि गिरोह शहर से गाय-बैलों को अवैध रूप से वधशाला भेजने के लिए बाहर निकलवाने के कारोबार में संलिप्त था। पुलिस के अनुसार, गिरोह की गतिविधियों का विरोध करने वालों को धमकाया जाता था और विरोध करने पर धारदार हथियारों से हमला करने तक के आरोप सामने आए हैं। पुलिस रिपोर्ट में गिरोह के कारण क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल होने का भी उल्लेख किया गया है। गैंग में शामिल बताए गए आरोपियों के गैंगचार्ट में मोहसिन कुरैशी के अलावा कसाई मंडी निवासी गोलू उर्फ फिरोज पुत्र सलीम कुरैशी, आमिर पुत्र सलीम कुरैशी, सलीम पुत्र सुभान कुरैशी, मोहल्ला घुसयाना निवासी जावेद खान पुत्र बब्लू उर्फ इरसाद खान, ग्राम भरतपुरा निवासी मनमोहन उर्फ डब्बू अहिरवार पुत्र परशुराम, झांसीपुरा निवासी सूरज उर्फ फुल्ला अहिरवार पुत्र देवेन्द्र सिंह, नई बस्ती निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र भरोसे प्रजापति व गिरीश के नाम शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ गैंगचार्ट के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, गैंग के सदस्यों के आपराधिक इतिहास में हत्या, अवैध वसूली, मारपीट और धमकी जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस रिपोर्ट में वर्ष 2019 में हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ता योगेन्द्र सिंह परमार की हत्या के मामले का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि गौ हत्या रोकने के प्रयास से जुड़े योगेन्द्र सिंह परमार पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इसके अलावा पुलिस रिकॉर्ड में राहगीरों, ट्रक चालकों और दुकानदारों से कथित तौर पर डराने-धमकाने के जरिए अवैध धन की मांग करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोपों से संबंधित मुकदमों का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस का कहना है कि गैंग की आपराधिक गतिविधियों और उसके सदस्यों के पूर्व आपराधिक इतिहास को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गैंगचार्ट अनुमोदित किया गया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आजादपुरा में सीसी सड़क व नाला निर्माण का लोकार्पण

## शहर के वार्ड नं. 18 सुभाषपुरा में सड़क का भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



नगर के विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का पूजा-अर्चन कर लोकार्पण किया। इसके बाद वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के समीप प्रस्तावित सीसी सड़क का भूमि पूजन किया गया। वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में पालिका अध्यक्ष ने तीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा दो नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें मुनमुन के मकान से छन्नों के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण, अंगद के मकान से मिठया के मकान की ओर सीसी सड़क व नाली निर्माण तथा डा.आनंद विश्वास के घर से बृजेश पाठक के घर होते हुए सत्येंद्र प्रताप सिंह राजा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा सत्येंद्र राजा के घर से शनि मंदिर होते हुए कल्याण सिंह के मकान तक नाला निर्माण तथा आजादपुरा में रामकुमार तिवारी के मकान से होते हुए सुडेलेजी की बीड़ी कारखाने तक नाला निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के दौरान नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से संवाद कर कराए गए विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं से पालिका अध्यक्ष का स्वागत एवं सम्मान करते हुए क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने पर आभार जताया। नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क एवं नाला निर्माण होने से आवागमन सुगम होने के साथ ही बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके बाद नपाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के बगल वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क काफी समय से जीर्ण-शीर्ण हालत में थी। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव होने से दुकानदारों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए पालिका द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड पालिका के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक तक बेहतर आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना लक्ष्य है, जिनसे नागरिकों का जीवन सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बन सके। उन्होंने कहा कि नगरहित को सर्वोपरि रखते हुए आने वाले समय में भी विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं आधुनिक ललितपुर के निर्माण की दिशा में पालिका पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# संविदा नियुक्ति पर हाई कोर्ट सख्त

» तत्कालीन सीएमओ के कार्यकाल में प्रक्रिया पर उठे सवाल
» बिना विज्ञप्ति और निर्धारित चयन प्रक्रिया के नियुक्ति का आरोप, हाई कोर्ट ने मांगा शपथपत्र

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर




मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तत्कालीन सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद के कार्यकाल में हुई एक संविदा नियुक्ति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए न तो विधिवत विज्ञप्ति जारी की गई और न ही निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन किया गया। मामला अब हाई कोर्ट पहुंच गया है, जहां सुनवाई के दौरान न्यायालय ने संबंधित पक्ष से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया और उसके आधार को स्पष्ट करने के लिए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मामले में आरोप लगाया गया है कि सीएमओ कार्यालय में संबंधित संविदा पद पर नियुक्ति निर्धारित नियमों के अनुसार पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर नहीं की गई। यदि उक्त पद के लिए विज्ञप्ति जारी करना और अभ्यर्थियों के चयन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य था, तो इसके बिना नियुक्ति किस आधार पर की गई, यह अब मुख्य सवाल बन गया है। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने नियुक्ति से संबंधित तथ्यों और प्रक्रिया को शपथपत्र के माध्यम से स्पष्ट करने को कहा है। ऐसे में अब संबंधित पक्ष को यह बताना होगा कि नियुक्ति के लिए कौन से नियम लागू थे और उनका पालन किस प्रकार किया गया। हाई कोर्ट में दाखिल होने वाले शपथपत्र में नियुक्ति की प्रक्रिया, संबंधित नियम, चयन का आधार तथा नियुक्ति में शामिल अधिकारियों की भूमिका को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। इसके साथ ही यह भी सामने आ सकता है कि संबंधित पद के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी या नहीं और यदि नहीं की गई तो उसके पीछे क्या कारण था। मामले ने स्वास्थ्य विभाग की संविदा नियुक्तियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, फिलहाल नियुक्ति में अनियमितता एक आरोप है। इसकी अंतिम पुष्टि न्यायालय के निर्णय अथवा सक्षम स्तर से होने वाली आधिकारिक जांच के बाद ही होगी। इस मामले में अब सबकी निगाहें हाई कोर्ट में दाखिल होने वाले एफिडेविट पर टिकी हैं। शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि संबंधित संविदा नियुक्ति किस आधार पर हुई, किन नियमों के तहत चयन किया गया और पूरी प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों की क्या भूमिका रही। न्यायालय के समक्ष दाखिल होने वाला जवाब आगे की न्यायिक कार्रवाई की दिशा भी तय कर सकता है।

# ढाबे पर चाय पीने को लेकर विवाद, मारपीट और फायरिंग का आरोप

## मेडिकल होने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जताया रोष

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



शहर में ढाबे पर चाय पीने के दौरान हुए विवाद में मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर शिकायतकर्ता ने नाराजगी जताते हुए प्रभारी मंत्री से हस्तक्षेप कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं पत्रकार नसीमद्दीन (बाबा कुरैशी) ने प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी को पत्र भेजकर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया कि प्रकरण में थाना कोतवाली में एफआईआर संख्या 898/2026 के तहत बीएनएस की धारा 115(2), 119(1), 191(2), 351(3) एवं 352 में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। उसके भतीजे कसाई मण्डी निवासी फिरोज कुरैशी पुत्र हफीज कुरैशी और उनके मौसा सदनशाह निवासी बब्लू पुत्र हमीद 18 अगस्त 2026 की रात करीब 10.30 बजे मामा ढाबा (मसीरा वैरियर) पर चाय पीने गए थे। आरोप है कि ढाबे पर पहले से मौजूद वीपी राजा, सनी यादव, मोन्टी, गिन्ने, शरीफ, नितेश, नसीम, मुवीन समेत दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पार्टी के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान कट्टे से फायरिंग भी की गई। साथ ही चालीराजा निवासी चौकाबाग पर बंदूक से जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा चुका है। इसके बावजूद नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित पक्ष में रोष है। पत्र में कहा गया है कि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बढ़ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने प्रभारी मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करते हुए एफआईआर में वांछित सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कराने तथा प्रकरण में निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# जनपद के मूंग खरीद केंद्रों पर हो रहे भ्रष्टाचार का मामला आया सामने...

**ललितपुर**। थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंदरगुढ़ा निवासी भगवान सिंह पुत्र रूप सिंह शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर उस समय उपस्थित हुआ, जब जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी जनपद दौरे पर आए हुए थे और वह क्लैक्ट्रेट सभागार में अधिकारी कर्मचारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी के साथ-साथ प्रभारी मंत्री को ज्ञापन दिया और अपने इलाके में सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य देने के उद्देश्य से संचालित किए गए ग्राम पिपरई के सहकारी मूंग क्रय केंद्र में जमकर हो रहे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया है कि उसने खरीफ की फ़सल में अपने खेतों मूंग बोई थी, जिसको बाजार में मूंग का दाम कम होने के कारण मैं अपनी मूँग सरकारी कांटो पर बेचने के लिए लगातार चार दिन जिलाधिकारी कार्यालय गया। जिलाधिकारी की कार्यवाही से सरकारी कांटे वालों ने मूंग खरीदी। पिपरई कांटे जाखलौन के नाम से मूंग खरीदने के लिए तैयार हुए लेकिन हमसे 20 हजार रू० ऊंपरी रिश्वत की मांग की गयी। पैसे पहले लेने की बात की, तब मुँग खरीदेगे। दोनों लोग नीतेश, राजेश मिश्रा एवं अशोक पटेल मेरे घर ग्राम बारोद आए और कहा कि बिना पैसे के हम आपकी मुंह नहीं खरीद पाएंगे, पैसे लगते है।

# प्रभारी मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर प्रगति में सुधार करने के दिये निर्देश

**जननी सुरक्षा योजना की खराब प्रगति पर योजना प्रभारी सहित डीएएम का रोका वेतन**

**558 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के लिए प्रदान किया 1 करोड़ 67 लाख का चेक**

## जनपद में पेयजल व विद्युत आपूर्ति की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी, प्राथमिकता पर करायें निस्तारणः प्रभारी मंत्री






स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 558 समूहों को 1 करोड़ 67 लाख 40 का रिवॉल्विंग फण्ड का चेक व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत दो लाभार्थियों को ट्रेक्टरों की चाभी का वितरण भी किया ।

इस दौरान राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला महामंत्री गौरव गौतम व अन्य जनप्रतिनिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुसार कार्य करें, जनता को अधिक से अधिक संतुष्ट करने की कोशिश करें, अपने विभागीय लक्ष्यों को नियत समय में पूर्ण करें और प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनपद में बिजली और पानी को लेकर काफी शिकायतें आती रहती हैं, इसलिए सम्बंधित विभागों के अधिकारी पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ इन समस्याओं का निराकरण करायें और माननीय जनप्रतिनिधिगणों द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें। इसके उपरांत उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह तक प्रगति सुधार कर अवगत कराने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान की स्थिति संतोषजनक न होने पर योजना प्रभारी सहित डीएएम का वेतन रोकने के निर्देश दिये। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्राम मोगान में विगत 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर को बदले न जाने की शिकायत की, जिस पर प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि जनपद में बिजली की समस्या का हर हाल में निर्धारित समय के भीतर निस्तारण कराया जाए, इसमें देर होने पर आपकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं उन्होंने वैकल्पिक ऊर्जा की समीक्षा करते हुए जनपद के सभी सरकारी भवनों पर सोलर प्लांट लगवाने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि यदि सरकारी भवनों पर सोलर लगेगा तो जनता में भी इसके प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को धरातल स्तर पर हर कनेक्शन तक पानी पहुंचने का सर्वे कराकर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोड रेस्टोरेशन की प्रगति काफी खराब है, आये दिन सैकड़ों शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण अधिकारियों को निर्देश दिये कि रेस्टोरेशन के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लापरवाही बरतने वाली एजेन्सियों पर अर्थदण्ड लगाया जाए, ताकि ये अपनी जिम्मेदारी समझें। इसके साथ ही हैण्डओवर पेयजल परियोजनाओं का क्रॉस वैरिफिकेशन भी कराया जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि विगत दिनों चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा अनियमित तरीके से उपस्थिति भरे जाने की शिकायतें मिली थीं, इस पर उन्होंने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू कराया जाए और सीसीटीवी से इसकी निगरानी की जाए। साथ ही चिकित्सकों की रोस्टरवाइज ड्यूटी लगाई जाए।

ग्राम विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने वीबी जीरामजी योजना की प्रगति जानी, जिसमें बताया गया कि जिले में वीबीजीरामजी का बजट शासन से मिल चुका है, जिससे ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, मियावाकी वृक्षारोपण व मानव दिवसों का सृजन प्रगति पर है। इसके साथ जल्द ही 101 खेल मैदान भी बनाये जायेंगे। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन, शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यालय की अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में निर्देश दिये गए कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को सरकारी की सभी पोषण योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि ट्रेक्टर आदि पर अपनी उपल ले जा रहे किसानों को परिवहन विभाग द्वारा परेशान न किया जाए। औद्योगिक इकाईयों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में सभी योजनाएं ए प्लस ग्रेड में हैं। जिला 6 हजार करोड़ के निवेश की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही जिले में टुस्कों कम्पनी के द्वारा 4 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट भी लगाया जा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री ने जिले में औद्योगिक वातावरण बनाने के साथ उद्यमियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि ग्रामों में ऐसे सभी सरकारी भवन, विद्यालय, चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केन्द्र व अन्य भवन जहां पहुंच मार्ग नहीं हैं, उनकी सूची उपलब्ध करायें, ऐसे सभी मार्गों को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत बनवाया जाएगा।बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री सहित अन्य जन्रपतिनिधिगणों द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 558 समूहों को 1 करोड़ 67 लाख 40 का रिवॉल्विंग फण्ड का चेक प्रदान किया गया, साथ ही सभागार से बाहर आकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत दो लाभार्थियों ओमकार सिंह यादव व सुरेश को ट्रेक्टरों की चाभी का वितरण भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्रा, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### काशीराम कॉलोनी में दरवाजे पर बैठे युवक पर ब्लेड से हमला

**ललितपुर** | कोतवाली तालबेहट क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में घर के बाहर बैठे एक युवक पर धारदार ब्लेड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में पहुंचे एक व्यक्ति ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट करते हुए ब्लेड से वार कर दिया। घटना में युवक के कान के पीछे चोट लगने की बात कही गई है। पीड़ित की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काशीराम कॉलोनी निवासी राघवेन्द्र पुत्र रामदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने घर के दरवाजे के बाहर बैठे थे। इसी दौरान कंजड़याना पेट्रोल पंप के पास रहने वाला कल्लू उर्फ छोटू वहां पहुंचा। आरोप है कि कल्लू शराब के नशे में था और बिना किसी बात के राघवेन्द्र के साथ गाली-गलौज करने लगा। राघवेन्द्र ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट करने के बाद धारदार ब्लेड से उस पर हमला कर दिया। ब्लेड लगने से उसके कान के पीछे चोट आई और खून बहने लगा।

# फर्जी व दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई के विरोध में लेखपालों का धरना

» मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

» अयोध्या के लेखपाल उत्कर्षदीप प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन एवं विजिलेंस द्वारा की जा रही कथित गलत, अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तालबेहट शाखा के लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह परमार एवं तहसील मंत्री सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह को सौंपा। धरने के दौरान लेखपालों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का जनता से सीधे जुड़ा अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है। वह गांव-गांव जाकर शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ भूमि संबंधी विवादों, पैमाइश, अतिक्रमण तथा अन्य राजस्व कार्यों का दायित्व निभाता है। कई बार भूमि विवाद, पैमाइश अथवा अतिक्रमण जैसे मामलों में नियमों के विपरीत कार्य न करने पर संबंधित व्यक्ति अथवा दलाल द्वारा रंजिश रखे जाने की आशंका रहती है। लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि कई मामलों में शिकायत की वास्तविकता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, उसकी रंजिश एवं शिकायत के उद्देश्य तथा लेखपाल की वास्तविक भूमिका और अधिकार क्षेत्र का पर्याप्त परीक्षण किए बिना ट्रैप कार्रवाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे लेखपालों में भय, मानसिक दबाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ज्ञापन में हाल ही में 20 अगस्त 2026 को अयोध्या जनपद की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के साथ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इस प्रकरण से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। संघ ने मांग की कि मामले की पुलिस विभाग से स्वतंत्र किसी निष्पक्ष जांच एजेंसी अथवा एसआईटी से तत्काल जांच कराई जाए। लेखपाल संघ ने कहा कि भ्रष्टाचार का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जाता। यदि कोई कर्मचारी रिश्वत मांगने या लेने का दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निजी रंजिश, झूठी शिकायत अथवा षड्यंत्र के माध्यम से किसी निर्दोष कर्मचारी को फंसाया जाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। ज्ञापन में मांग की गई कि भविष्य में किसी भी लेखपाल के विरुद्ध ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, उसकी रंजिश, निजी स्वार्थ और शिकायत के उद्देश्य की विस्तृत जांच अनिवार्य की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिस कार्य को लेकर शिकायत की गई है, वह वास्तव में लेखपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है या नहीं। संघ ने यह भी मांग की कि केवल मौखिक आरोप अथवा सामान्य शिकायत के आधार पर ट्रैप कार्रवाई न की जाए। यदि किसी शिकायतकर्ता द्वारा अवैध या नियमविरुद्ध कार्य कराने के लिए लेखपाल पर दबाव बनाया गया हो तो उसकी भी जांच की जाए। जबरन जेब, वाहन या कक्ष में धनराशि रख दिए जाने अथवा किसी दलाल या मध्यस्थ के माध्यम से कर्मचारी को फंसाए जाने जैसी परिस्थितियों में ठोस एवं प्रत्यक्ष साक्ष्य के बिना गिरफ्तारी की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई। लेखपाल संघ ने कहा कि यदि जांच में शिकायतकर्ता, दलाल अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा झूठी शिकायत, षड्यंत्र या कर्मचारी को फंसाने का प्रयास प्रमाणित होता है अथवा एसीओ/विजिलेंस अधिकारियों की भूमिका नियमविरुद्ध और दुर्भावनापूर्ण पाई जाती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर, निलंबन सहित अन्य विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। संगठन ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन एवं विजिलेंस विभाग के लिए ट्रैप कार्रवाई संबंधी स्पष्ट, पारदर्शी और जवाबदेह दिशा-निर्देश जारी किए जाने की भी मांग की, ताकि प्रत्येक कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया और निष्पक्ष मानकों के अनुरूप हो। ज्ञापन में कहा गया कि अयोध्या के लेखपाल उत्कर्षदीप को न्याय दिलाने तथा कथित गलत ट्रैप कार्रवाई के विरोध में प्रदेश के सभी 75 जनपदों और 351 तहसीलों में थाना दिवस का बहिष्कार करते हुए लेखपालों द्वारा एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन किया गया है। लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री से अयोध्या के सोहावल प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषमुक्त पाए जाने पर लेखपाल को न्यायोचित राहत देने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। संघ ने कहा कि लेखपालों के लिए भयमुक्त, सम्मानजनक, सुरक्षित एवं निष्पक्ष कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन के दौरान अविनाश कुमार, अनिल अहिरवार, ऋषि गुप्ता, नितेन्द्र कुमार, अनूप कुमार गुप्ता, आलेक कुमार, अनिल कुमार यादव, दिलीप श्रीवास्तव, चंद्रपाल सिंह, राहुल राजन, दीपेश कुमार सिंह, रमेश प्रसाद, अजय पाल, नीरज साहू, परत सिंह, विवेक गोस्वामी एवं अंजली श्रीवास्तव सहित परगना क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में महिला से मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में जमीन के ठेके को लेकर एक महिला के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज, मारपीट, जातिसूचक अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने नामजद दंपति समेत चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा की जा रही है। शहर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि करीब छह-सात माह पूर्व ग्राम बछलापुर निवासी रामकुमार निरंजन को उन्होंने खेती के लिए 11 एकड़ जमीन ठेके पर दी थी। आरोप है कि इसके एवज में चेक और फोन-पे के माध्यम से करीब 10 लाख रुपये की धनराशि दी गई थी। पीड़िता के मुताबिक उक्त धनराशि को पांच वर्ष के भीतर वापस किया जाना तय हुआ था। आरोप है कि जब वह उक्त जमीन पर खेती करने पहुंचीं तो आरोपी ने उन्हें खेती नहीं करने दी और धनराशि वापस करने में भी टालमटोल करता रहा। जाखलौन में हुए समझौते के दौरान आरोपी द्वारा 31 मई 2026 तक पूरी धनराशि वापस करने की बात लिखित रूप से स्वीकार की गई थी। आरोप है कि निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। बताया कि 2 जून 2026 को दोपहर के समय वह महेशपुरा से दावनी जाने वाले मार्ग के पास पहुंचीं। आरोप है कि इसी दौरान रामकुमार निरंजन, उसकी पत्नी सीमा निरंजन तथा दो अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए पूर्व में थाने में प्रार्थना पत्र देने को लेकर नाराजगी जताई और आगे शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने बेइज्जत करने की नीयत से उनका दुपट्टा खींच दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गईं। बताया गया है कि मौके पर मौजूद द्रोपती देवी, सियाराम, परमचंद और राजेश्वरी समेत अन्य राहगीरों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

## थाना समाधान दिवस में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी



महरौनी कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित हल्का प्रभारियों एवं राजस्व कर्मचारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में राजस्व संबंधी मामलों के साथ घरेलू विवाद तथा आपसी छोटे-मोटे झगड़ों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी शिकायत में लापरवाही न बरती जाए। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों के प्रभावी निस्तारण का संकल्प लिया। इस अवसर पर निरीक्षक निर्भय चंद्र, कस्बा प्रभारी राम कृपाल सिंह सहित समस्त हल्का प्रभारी, पुलिसकर्मी, राजस्व लेखपाल एवं कानूनगो मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन से टैक्सी चोरी कर भागा युवक, चालक ने दो किमी पीछा कर दबोचा

**कर्पूरी ठाकुर चौराहे पर पकड़े जाने के बाद भीड़ ने की आरोपी की पिटाई, करीब 15 मिनट तक लगा जाम**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



रेलवे स्टेशन परिसर से शनिवार दोपहर सवारी बनकर पहुंचे एक युवक द्वारा टैक्सी चोरी कर भागने का मामला सामने आया। टैक्सी चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरी टैक्सी से करीब दो किलोमीटर तक पीछा किया और जिला कारागार के पास कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल चौराहे पर आरोपी को पकड़ लिया। युवक के पकड़े जाने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने उसकी पिटाई कर दी।

हंगामे के चलते चौराहे पर करीब 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में आरोपी युवक को चोरी की गई टैक्सी समेत कोतवाली सदर ले जाया गया। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी प्रशांत कुमार टैक्सी चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शनिवार को वह रेलवे स्टेशन के बाहर सवारियों के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उनके पास पहुंचा और बाजार जाने की बात कहते हुए टैक्सी में बैठ गया। प्रशांत के अनुसार युवक को वाहन में बैठाने के बाद वह कुछ देर के लिए पास में चाय पीने चले गए। इसी दौरान युवक मौका पाकर टैक्सी लेकर वहां से फरार हो गया। टैक्सी को जाते देख चालक के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल उसका पीछा करना शुरू कर दिया। टैक्सी चालक ने दूसरी टैक्सी की मदद से चोरी कर भाग रहे युवक का पीछा किया। करीब दो किलोमीटर तक पीछा करने के बाद जिला कारागार के पास कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल चौराहे पर चालक ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के पकड़े जाने की खबर लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आरोपी के पकड़े जाने के बाद मौके पर हंगामा शुरू हो गया। गुस्साई भीड़ ने युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान चौराहे पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हंगामे के कारण करीब 15 मिनट तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। बाद में आरोपी युवक और चोरी की गई टैक्सी को कोतवाली सदर ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## जाखलौन में कांग्रेस संगठन की हुंकार, बूथ स्तर तक मजबूती का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जाखलौन में कांग्रेस सृजन संगठन के तहत न्याय पंचायत स्तर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी संगठन चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम रजक ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता गुड्डू राजा बुन्देला रहे।

मुख्य अतिथि गुड्डू राजा बुन्देला ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। संगठन चुनाव के माध्यम से जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर पर सक्रिय होकर आमजन की समस्याओं को उठाने तथा आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष दयाराम रजक ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती की शुरुआत बूथ और ग्राम पंचायत स्तर से होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने तथा गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में शंकर सिंह यादव, सुंदरलाल कुशवाहा, भोलू अहिरवार, सम्राट सिंह कुशवाहा, संतोष राय, गोकुल प्रसाद नामदेव, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, रामगोपाल यादव, संजय जैन, अविनाश सोनी, राजू राजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में राजीव शर्मा ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## अच्छा कार्यः मुख्य मार्ग की सड़क की निजी मद से मरम्मत

**अवैध अतिक्रमण से ध्वस्त हो गई रामलीला मैदान की सड़क**



तालबेहट। नगर के मुख्य मार्ग के बीचों बीच रामलीला मैदान की सड़क नालियों पर कब्जे और जल भराव के चलते पूरी तरह बडे बडे बड़े गढ्ढे में तब्दील हो चुकी थी। आए दिन वाहन सवार चोटिल हो रहे थे। विकराल समस्या के दृष्टिगत मीडिया ने खबरें प्रकाशित की मगर बारिश के मौसम के चलते लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत नहीं करा रहा था। इसके बाद जन समस्या को ध्यान में रखते हुए जन आग्रह पर न0प0 अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने निजी खर्च पर 100 मीटर सड़क की मरम्मत करा दी। उनके इस कार्य की नगर वासियों ने उन्हें साधुवाद दिया।

## जखौरा पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार




ललितपुर। वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस टीम ने 22 अगस्त 2026 को ग्राम नदनवारा निवासी तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में ग्राम नदनवारा निवासी अकुल उर्फ प्रहलाद सिंह पुत्र प्रताप सिंह, प्रताप पुत्र मुलायम सिंह तथा उर्मिला पत्नी प्रताप सिंह शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद सभी वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना जखौरा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस, बांसी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक पंवार सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## मुनीम एसोसिएशन की आवश्यक बैठक संपन्न, मंडी से जुड़े मुद्दों पर हुआ मंथन



गल्ला मंडी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा, सभी मुनीमों की रही मौजूदगी

ललितपुर। नवीन गल्ला मंडी स्थित मुनीम एसोसिएशन की आवश्यक बैठक शनिवार को कंपनी बाग में संपन्न हुई। बैठक में गल्ला मंडी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े सभी मुनीमों ने उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक के दौरान ग्रांट से जुड़ी जगह, लेखा-जोखा तथा मंडी से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मुनीमों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों की राय और सुझाव भी लिए गए। पदाधिकारियों ने कहा कि आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ मंडी से जुड़े विषयों का समाधान निकालने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिए। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन संरक्षक अरविंद जैन (नेताजी), अध्यक्ष खूबचन्द साहू, महामंत्री प्रिंस साहू एवं कोषाध्यक्ष सचिन साहू सहित बड़ी संख्या में मुनीम मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बैठक में सहभागिता के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## कन्या भोज के साथ हुआ दशम विशाल सार्वजनिक श्रावण महोत्सव का भव्य समापन

**दिवंगत समिति सदस्यों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी





पवित्र श्रावण मास के अवसर पर मड़ावरा रोड स्थित शांति उत्सव भवन में 12 अगस्त से आयोजित दशम विशाल सार्वजनिक श्रावण महोत्सव, महा रुद्राभिषेक एवं श्री शिव महापुराण कथा का शनिवार को कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। दस दिवसीय धार्मिक आयोजन में नगर एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल शिवलिंग निर्माण एवं महा रुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य पं. शिवा शास्त्री एवं पं. राहुल शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न कराया गया। वहीं प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन हुआ। कथा प्रवक्ता एवं रावतपुरा सरकार महाराज के कृपापात्र शिष्य युवाचार्य पं. राम शास्त्री जी महाराज ने शिव महापुराण की अमृतमयी कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से अवगत कराया। समापन अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति के उन सदस्यों एवं सहयोगियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें महोत्सव के दस वर्षों के सफर में समिति ने खो दिया। उन्होंने दिवंगत सदस्यों के साथ बिताए संस्मरणों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। युवाचार्य पं. राम शास्त्री जी महाराज ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समिति के सदस्यों, नगर वासियों एवं समस्त श्रद्धालु जनों का आभार व्यक्त किया। कन्या भोज के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा और श्रद्धा एवं भक्ति के बीच महोत्सव का भावपूर्ण समापन हुआ।

## एक्सक्लूसिवः अवैध खनन पर दबिश से पहले लीक हुई सूचना, खाली हाथ लौटी टीम



**एसडीएम, सीओ समेत खनन-वन विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त टीम के साथ कई स्थानों पर दबिश दी। एसडीएम अभिजीत सिंह और सीओ आशीष मिश्रा के नेतृत्व में वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारी भी टीम में शामिल रहे। टीम ने पिपरई, सुनौरी, बिजरौठा, तेरई और बिगारी के अलावा पूराकलां क्षेत्र के नत्थीखेड़ा, विजयपुरा और कंधारी गांव में कार्रवाई की।

सूत्रों के मुताबिक, टीम के पहुंचने से पहले ही दबिश की सूचना कथित तौर पर खनन कारोबारियों तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही खनन से जुड़े लोग और मशीनरी मौके से हट गई। टीम जब संबंधित स्थानों पर पहुंची तो वहां अपेक्षित गतिविधियां नजर नहीं आईं। इसके चलते कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह जाने के आरोप लग रहे हैं।

### इन इलाकों में बड़े पैमाने पर होता अवैध खनन

ग्रामीणों के अनुसार पिपरई, सुनौरी, बिजरौठा, तेरई, बिगारी तथा पूराकलां क्षेत्र के नत्थीखेड़ा, विजयपुरा और कंधारी में लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने के आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

### दबिश से पहले सूचना लीक कैसे हुई?

प्रशासनिक टीम की कार्रवाई से पहले ही कथित रूप से सूचना खनन कारोबारियों तक पहुंचने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि सूचना लीक हुई है तो यह भी जांच का विषय है कि **संयुक्त टीम की कार्रवाई की जानकारी बाहर कैसे पहुंची और किस स्तर से लीक हुई। दबिश के बाद टीम के लौटने के बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की गोपनीय तरीके से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## 400 केवी गरौठा-तालबेहट विद्युत लाइन के टावरों से जम्फर तार समेत सामान चोरी

ललितपुर। मेसर्स आर.एस. इन्फ्रा प्रोजेक्ट द्वारा उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कम्पनी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मंटू पटेल निवासी सीवान, बिहार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम सुनौरी के आसपास 400 केवी गरौठा- तालबेहट विद्युत लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। शिकायत के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को ग्राम सुनौरी के पास स्थित विद्युत टावर संख्या 351, 358 और 362 का निरीक्षण करने पर वहां से विद्युत लाइन में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण सामग्री गायब मिली। अज्ञात चोरों द्वारा इन टावरों से कुल आठ नग जम्फर तार, स्पेसर सीसी रिंग और रिजिड स्पेसर समेत अन्य आवश्यक सामग्री चोरी किए जाने की बात सामने आई।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, आरोपी जेल भेजा




**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली महराजगंज क्षेत्र के पूरे सधई मजरे अतरेहटा गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने किशोरी को साइकिल स्टैंड के पास से बरामद कर लिया। मामले में नामजद आरोपी रामकरन पुत्र रामबरन निवासी बदरे मजरे पहाड़पुर, थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार घटना 19 अगस्त 2026 को दोपहर करीब तीन बजे की है। आरोप है कि किशोरी को बहला-फुसलाकर घर से ले जाया गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो जानकारी मिली कि किशोरी साइकिल स्टैंड के पास मौजूद है और बाहर जाने की फिराक में थी। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस टीम ने किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जबकि आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी रामकरन को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। मामले में नामजद आरोपी रामकरन को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### प्रमोद व मोना के प्रयास से बाबा घुइसरनाथ धाम में स्थायी पुलिस चौकी को मिली मंजूरी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी के प्रयास से पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में स्थायी पुलिस चौकी की मंजूरी मिली है। बाबा धाम में स्थायी पुलिस चौकी बन जाने से अब वहां आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की सुरक्षा के बेहतर प्रबन्ध होंगे। बता दें अभी तक बाबा धाम में अस्थायी पुलिस चौकी का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए सई तटवर्ती क्षेत्र में तीन कमरों का निर्माण भी कराया जा चुका है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने पिछले वर्ष तीन नवंबर को बाबा धाम में स्थायी पुलिस चौकी स्वीकृत किये जाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। विधायक व सांसद के पत्र का असर हुआ और बीते ग्यारह अगस्त को शासन के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद द्वारा निर्गत शासनादेश में प्रतापगढ़ जिले के घुइसरनाथ धाम में शासन की ओर से स्थायी पुलिस चौकी की स्वीकृति की संसूचना जारी की गयी है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने यहां स्थायी पुलिस चौकी मंजूरी की शनिवार को जानकारी दी है।

### पुलिस जवानों के लिए नवनिर्मित भोजनालय का हुआ लोकार्पण



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार थाना परिसर में पुलिस जवानों के लिए बने नवनिर्मित भोजनालय का शनिवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस नई सुविधा से पुलिसकर्मियों को उच्च गुणवत्तायुक्त भोजन और बेहतर सहूलियतें मिल सकेंगी। पूर्व में जो रसोई घर था काफी जर्जर हो चुका था। बरसात में छत टपकती थी और लोगो मे दुर्घटना का भय भी बना रहता था। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के प्रयास और देखरेख में इस नवीन रसोई घर का निर्माण हुआ है।इस अवसर पर उसका बाजार नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल ,?अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार , क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान, प्रधान मनोज सहानी, समाजसेवी सोमनाथ मिश्र, सच्चिदानंद चौबे, राकेश आर्य, संतोष अग्रहरी, अश्वनी मिश्र, अमन आदि रहे।

# अजगरा महान संवाद-2026 की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अजगरा महान संवाद-2026 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रतियोगिता के सफल, पारदर्शी और निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कैम्प कार्यालय सभागार में खंड विकास अधिकारियों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन की तैयारियां समय से पूरी करने और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 24 से 26 अगस्त तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड से एक प्रतिभागी का चयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इस तरह प्रथम चरण में जनपद के कुल 1,427 प्रतिभागियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद 29 एवं 30 अगस्त को 17 विकासखंडों और 19 नगरीय निकायों के स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें 36 विजेताओं का चयन किया जाएगा। 2 एवं 3 सितंबर को चार जोनल महासंवाद में 16 प्रतिभागी तथा 5 सितंबर को जिला स्तरीय महासंवाद में आठ प्रतिभागियों का चयन होगा। अंतिम आठ प्रतिभागियों का 6 से 16 सितंबर तक सार्वजनिक परिचय एवं तैयारी कराई जाएगी, जबकि 17 सितंबर को ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' में प्रतिभाग करने के लिए न तो किसी शैक्षिक योग्यता की बाध्यता है और न ही आयु सीमा निर्धारित की गई है। कोई भी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता से संबंधित निर्धारित प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए इच्छुक लोग संबंधित विकासखंड कार्यालय, नगर पालिका अथवा नगर पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, डीएफओ आशुतोष गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

हर ग्राम पंचायत-वार्ड से होगा प्रतिभागी का चयन

### रक्षा मंत्रालय में चयनित हुई आंचल, जतायी गयी खुशी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** भेभौरा निवासी प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष केडी मिश्र की पौत्री आंचल मिश्रा ने रक्षा मंत्रालय में एलडीसी पद पर चयनित होकर लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सफलता को लेकर परिजनों में खुशी का माहौल देखा गया। आंचल पूर्व जिपंस दीपक मिश्र की सुपुत्री है। सफलता पर केडी मिश्र व दीपक मिश्र तथा मेधावी की मां बबली मिश्रा ने आंचल का मुंह मीठा कराकर खुशी जतायी है। वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी आंचल की सफलता को लालगंज क्षेत्र में शिक्षा के हब की ओर एक और सफलता भरा कीर्तिमान कहा है। सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, सुनील मिश्र, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी आदि ने भी आंचल की सफलता को सराहा है।

# ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के दौतरा गांव में ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी आलमगीर और हजरत अली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, दौतरा गांव की गाटा संख्या 948 राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि के करीब 10 बिस्वा से अधिक हिस्से पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से कब्जा किया जा रहा है और वहां पक्का निर्माण कराया जा रहा है। आलमगीर और हजरत अली ने शिकायत में आरोप लगाया है कि रमेश पुत्र संतलाल तथा गुड्डू पुत्र अब्दुल जलील, निवासी पूरे फेरू मजरे दौतरा द्वारा उक्त भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि इसी परिसर में एक निजी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि सार्वजनिक उपयोग और जनहित के लिए संरक्षित होती है। ऐसे में यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया गया है तो यह गंभीर मामला है।

उन्होंने प्रशासन से राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि की जांच और मौके पर पैमाइश कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से की गई शिकायत में भूमि की निष्पक्ष जांच, पैमाइश कराकर अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर उसे हटाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। फिलहाल शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनका पक्ष भी सामने नहीं आया है। अब प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग की जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 6 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान चलाकर छापामार कार्रवाई की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने विभिन्न तहसीलों में रेस्टोरेंट, मिष्ठान एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध, पनीर, खोया, घी और मैंगो सीरप समेत कुल छः खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। अभियान के दौरान टीम ने पट्टी क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसके बाद कुण्डा तहसील के राजापुर बिन्धन स्थित मिश्रा पनीर केंद्र से पनीर का एक नमूना लिया गया। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के जीआईसी रोड स्थित सादाब एजेंसी से दूध के दो नमूने संग्रहित किए गए। इसी क्रम में चौक स्थित खोया मंडी से खोया का एक नमूना लिया गया। पृथ्वीगंज स्थित सूरज किराना प्रतिष्ठान से एक घी (ब्राण्ड-अनिक) का नमूना तथा चौक तिराहा स्थित बनवारी लाल एंड सन्स से मैजिंग मैंगो सीरप का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी छः नमूनों को विधिवत संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसमें सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सचलदल में रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, डॉ यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं डा0 शमशुन नेहा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना कोतवाली नगर पहुंचकर आमजन की शिकायतें सुनीं। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 08 व पुलिस विभाग की 02 शिकायते प्राप्त हुई। अधिकारियों ने फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं विभिन्न समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी ली तथा शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर प्रकरण की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फरियादी को उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। डीएम ने भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं अन्य संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि आमजन को त्वरित न्याय एवं प्रभावी समाधान मिल सके। थाना समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा के साथ थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों एवं पुलिसिंग से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण करने तथा थाना की समस्त व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

# शिक्षक अवधेश पाल के असामयिक निधन से शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गजहड़ा में तैनात सहायक अध्यापक अवधेश कुमार पाल का शनिवार सुबह असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। अवधेश कुमार पाल मूल रूप से हरदोई जनपद के निवासी थे। शिक्षक के निधन पर बीआरसी शोहरतगढ़ परिसर में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में मुस्तन शेरुल्लाह,मनोज यादव,डॉ. आशुतोष सिंह, संजीव राम, पप्पू यादव, दधीचि कुमार, तुलसीराम, बजरंगी, कल्पना, अमरेश कुमार, मनमोहन, रविन्द्र गौड़, पृथ्वी पाल, महेश त्रिपाठी, रामाश्रय लाल, पंकज कुमार जायसवाल, राजीव धर त्रिवेदी, अरविंद यादव, महेंद्र यादव, बाबूलाल, अरविंद दयाल, रोहिणी चौधरी, कंचनलता, प्रीति त्रिपाठी, बिंदु शर्मा, कल्पना, अनूप त्रिपाठी, राकेश राज, पवन चौरसिया, राकेश नायक, तेजेन्द्र प्रताप चौधरी, राकेश जायसवाल, अरुण कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# लेखपालों ने एंटी करप्शन कार्रवाई का विरोध किया

**● सिद्धार्थनगर जिले के पांचों तहसीलों में धरना / प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के पांचों तहसीलों में लेखपालों ने एंटी करप्शन कार्रवाई का विरोध कर धरना प्रदर्शन किया। इटवा तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ इटवा तहसील ईकाई के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के गैरमौजूदगी में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ।तहसील अध्यक्ष अमरदीप चौधरी ने कहा प्रांतीय कार्यकारणी द्वारा प्रदेश में लेखपाल साथियों पर भ्रष्टाचार व अत्याचार निवारण संगठन (ACO) द्वारा की जा रही गलत एवं अनुचित ट्रैप कार्रवाई के संबंध में कहा प्रदेश के फील्ड में कार्यरत लेखपाल साथियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन (ACO), उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही गलत एवं अनुचित ट्रैप कार्रवाई से प्रदेश के पूरे लेखपाल संघ में आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। महामंत्री नवीन चौधरी ने कहा लेखपाल ग्रामीण क्षेत्रों में कठिन से कठिन परिस्थितियों में शासन की योजनाओं एवं राजस्व संबंधी दायित्वों का निर्वहन करते हैं। किसी निर्दोष कर्मचारी के विरुद्ध गलत अथवा सुनियोजित ट्रैप कार्रवाई से उसका सेवाकाल, सामाजिक प्रतिष्ठा एवं पारिवारिक जीवन गंभीर रूप से प्रभावित होता है। तो संगठन भ्रष्टाचार के विरुद्ध निष्पक्ष एवं वैधानिक कार्रवाई का समर्थन करता है, किंतु नियम विरुद्ध एवं अनुचित कार्रवाई किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं की जाएगी। जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल साथी उत्कर्ष दीप के साथ हुई घटना अत्यंत गंभीर है। उपलब्ध है सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के अवलोकन से प्रथम दृष्टया रिश्वत की मांग किए जाने का कोई स्पष्ट तथ्य प्रतीत नहीं होता है। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराते हुए उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई को समाप्त कराए जाना तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।लेखपाल संवर्ग के लिए भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण



सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष अमरदीप चौधरी, महामंत्री नवीन चौधरी, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार कनौजिया, इन्द्र पाल सिंह, अभिषेक कुमार यादव, अरविंद मिश्रा, गिरीशचंद्र, पन्ना लाल यादव, लुकमान अहमद,राम बक्स चौधरी,अजय चौरसिया,विजय कुमार मिश्रा, हिसामुद्दीन, अनूप कुमार, अवधेश प्रताप, राघवेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पूरी तरह नि:शुल्क, पैसे मांगने वालों की करें शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 को लेकर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने योजना के नाम पर किसी भी प्रकार की धनराशि मांगने वाले व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है। अपर उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 पूर्णतः नि:शुल्क योजना है और इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नामित संस्था के सर्वेयर वर्तमान में नगर पंचायतों में कार्य नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति सर्वेयर के नाम पर नगर पंचायतों में अभिलेख जमा कराने, लाभार्थी को पात्र कराने अथवा आवास योजना की किसी भी किश्त को जारी कराने के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो ऐसे व्यक्ति को किसी भी प्रकार की धनराशि न दें। उन्होने आमजन से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है तो उसके संबंध में उपलब्ध साक्ष्य सहित तत्काल जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अथवा कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), प्रतापगढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दस हजार नकदी समेत सोने चांदी के आभूषण चोरी की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पुरवारा निवासी सुरेश कुमार पाल पुत्र सीताराम ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर की पक्की दीवार काटकर घर में रखे दस हजार की नकदी समेत जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनीं शिकायतें

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। सात शिकायतों में हालांकि निस्तारण सिफर रहा। एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी ने सभी प्रार्थना पत्रों पर राजस्व एवं पुलिस टीम का संयुक्त रूप से गठन किया। एसडीएम ने थाना समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षकों तथा लेखपालों की उपस्थिति का सत्यापन भी किया। वहीं सर्किल के लीलापुर, उदयपुर, सांगीपुर थानों में भी अफसरों ने समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों की सुनवाई की।

### ग्राम प्रशासक पर जमीन कब्जा करने का आरोप, जांच टीम पहुंची

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** विकास खंड भनवापुर की ग्रामसभा बस्ती बरगदवा में प्रशासक पर नहर और सड़क की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए जाने के बाद शनिवार को लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। गांव निवासी मोहम्मद आरिफ ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने सरकारी भूमि पर निजी उपयोग के लिए पांच कमरों का मकान बनवा लिया है। इसके अलावा पंचायत भवन और राशन भवन भी इसी भूमि पर बनाए जाने का आरोप है। शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी के जेई राजेंद्र कुमार और अरुण कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान शिकायतकर्ता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जमीन की पैमाइश कराकर नहर और सड़क की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की। जेई राजेंद्र कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जांच की गई है। रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार होगी।

### उत्तर प्रदेश राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के अध्यक्ष बने अंबिका प्रसाद

**सिद्धार्थनगर।**उत्तर प्रदेश राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ जनपद सिद्धार्थनगर के संघटनात्मक चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ।जिसमें अंबिका प्रसाद अध्यक्ष, आशीष कुमार चौबे सचिव, अविनाश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, जहांगीर अंसारी कोषाध्यक्ष, मनीष कुमार सिंह संगठन सचिव व गिरीश चन्द्र संरक्षक निर्वाचित हुये। उत्तर प्रदेश राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के जनपद शाखा सिद्धार्थनगर के नए कार्यकारी का चुनाव/ गठन शनिवार को जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थ नगर की उपस्थिति में हुआ। जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर के सभी फार्मासिस्ट की बैठक मंडल अध्यक्ष बस्ती मंडल नितेश शुक्ला की उपस्थिति में हुई। जिसमें सर्वसम्मत से चुनाव संपन्न कराया गया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न होने पर लोगों ने खुशी जताया। मण्डलीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर कृष्णमोहन यादव, आफताब आलम अंसारी, जावेद अख्तर, रवि प्रकाश गुप्ता, विनोद कुमार कुशवाहा को भी मनोनीत किया गया है।

# ट्रैप कार्यवाही को अनुचित बताते लेखपालों ने दिया धरना

## ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर ट्रैप कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन एवं विजिलेंस टीम पर प्रदेश भर में लेखपालों के विरुद्ध गलत, अनुचित और दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाते हुए उप्र लेखपाल संघ के आह्वान पर तहसील कोंच क्षेत्र के लेखपालों ने शनिवार को यहां तहसील कार्यालय स्थित चबूतरे पर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। धरने के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर ट्रैप कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की। उप्र लेखपाल संघ के कोंच तहसील अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू की अगुवाई में शनिवार को थाना दिवस का बहिष्कार कर लेखपालों ने एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल करने के साथ धरना देने के उपरांत एसडीएम अभिनव कुमार को सौंपे अपने ज्ञापन में गत 20 अगस्त को अयोध्या जनपद की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्ष दीप से जुड़े एक प्रकरण का उल्लेख करते हुए सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और प्री-ट्रैप प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच की मांग की।

लेखपालों ने कहा कि भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं किया जाएगा और दोषी कर्मचारी पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन निर्दोष कर्मचारी को फंसाना किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है जो गांव-गांव जाकर भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण और अन्य राजस्व कार्यों का निर्वहन करता है। नियमों के विपरीत कार्य करने से इनकार करने पर कई बार झूठी शिकायत का सामना लेखपालों को करना पड़ता है। पूरे मामले में लेखपालों ने ट्रैप कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान संघ के जिला मंत्री चंदन सिंह, तहसील मंत्री दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष आशीष दीक्षित, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, उप मंत्री अनुराग चौधरी, ऑडिटर अंकित झा, सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# जूते में छुपे बैठे सर्प ने छात्र को काटा



**कोंच(जालौन)-** स्कूल जाने के लिए जूते पहन रहे 18 वर्षीय एक छात्र को जूते के भीतर छुपे बैठे सर्प ने काट लिया जिससे छात्र की हालत बिगड़ गई, आनन फानन में छात्र को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा छात्र का उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी छात्र अभिनव (18) पुत्र प्रदीपचंद्र ताम्रकार स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। रोज की तरह शनिवार की सुबह करीब 8 बजे अभिनव घर से स्कूल जाने के लिए तैयार हो रहा था। वह जब जूते पहनने लगा तो जूते के अंदर छुपे बैठे एक जहरीले सर्प ने उसके पैर में काट लियाजिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन घबरा गये और आनन फानन में उसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। बगैर समय गंवाए चिकित्सकीय उपचार मिलने के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। इस घटना ने बारिश के इन दिनों में कपड़ों और जूतों से लेकर अन्य सामान का उपयोग करने से पहले अच्छी तरह जांचने की जरूरत सामने ला दी है।

# महंगाई के विरोध में समाजवादी पार्टी के 78 वार्डों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर संगठन ने महानगर के कैन्ट, आर्यनगर, सीसामऊ, गोविन्द नगर, किदवई नगर के 78 वार्डों के 342 केन्द्रों पर महंगाई के विरोध में सभी कार्यकर्ताओं, पीडीए टीम ने काली पट्टी बांधकर सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद के नेतृत्व में प्रदर्शन कर 2027 में परिवर्तन का संदेश दिया। सपा अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि महंगाई से आम जनता की जेबों पर डाका पड़ रहा है जिसके कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है, एक कप चाय 20 रुपये की हो गयी है। बिस्कुट, सब्जी, मिठाई के दामों में रक्षा बन्धन, नवरात्र, दीपावली में भी चीनी सौ रुपये प्रति किलो पार कर जायेगी क्योंकि चीनी का निर्यात कर जनता के साथ खिलवाड़ कर चीनी की कड़वाहट से उसकी रंगत डूबी है। सपा अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि अरहर की दाल 150 रुपये प्रति किलो, मूंगदाल 130 रुपये प्रति किलो, चीनी 70 रुपये प्रति किलो, चावल साधारण 72 रुपये प्रति किलो, लाल मिर्च 500 रुपये प्रति किलो, हल्दी 270 रुपये प्रति किलो, जीरा 410 रुपये प्रति किलो, काली मिर्च 960 रुपये किलो, सरसों का तेल 225 रुपये प्रति किलो, गुड़ 74 रुपये प्रति किलो, चना दाल 95 रुपये किलो, आटा 35 रुपये प्रति किलो से जनता त्रस्त है। सपा अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि, रोजमर्रा की चीजों की जो महंगाई बढ़ी है उस पर भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं रही क्योंकि सरकार निगरानी व्यवस्था से बचने के लिये जमाखोरों को बढ़ावा देकर स्थिति को भयावह बना दी है। सपा कानपुर ने महंगाई से त्रस्त लोगों का आकलन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजकर स्थिति से अवगत कराया है।

## घंटाघर एक्सप्रेस रोड पर फूड विभाग का छापा, भड़के व्यापारी

**कानपुर।** कानपुर के घंटाघर एक्सप्रेस रोड पर शनिवार को फूड विभाग की टीम ने दुकानों पर छापेमारी की, छापेमारी की कार्यवाही से नाराज व्यापारियों ने जमकर विरोध किया और अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं। बताया गया है कि इसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारी सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद सड़क को जाम से मुक्त कराया गया। मौके पर व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा भी पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों से बातचीत की। कार्यवाही को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली है। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और स्थिति सामान्य कराने का प्रयास जारी है।

# चुनाव से पहले सी.आर. पाटिल बने पंजाब भाजपा के चुनाव प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सी.आर. पाटिल को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद पाटिल ने पंजाब में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वह पार्टी नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर चुनावी तैयारियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श कर रहे हैं। भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करने में जुटी है। संगठन क्षमता और चुनाव प्रबंधन के अनुभव के लिए पहचाने जाने वाले पाटिल की भूमिका पंजाब में भाजपा की चुनावी रणनीति तैयार करने और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके जिम्मे पार्टी संगठन को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर तैयारियों की समीक्षा करना, राज्य नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करना और बदलते राजनीतिक माहौल का आकलन करना प्रमुख रूप से शामिल होगा। भाजपा पंजाब में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को भी तेज कर रही है। पार्टी का जोर जमीनी स्तर पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के नेटवर्क को मजबूत करने और सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को विस्तार देने पर है। 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति और तैयारियों पर चर्चा तेज कर दी है। पार्टी की ओर से पंजाब विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कही जाती रही है। ऐसे में संगठन को मजबूत करना और प्रभावी चुनाव प्रबंधन भाजपा की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। पाटिल की नियुक्ति को पंजाब में भाजपा की चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व आने वाले महीनों में बैठकें, विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा और संगठनात्मक कार्यक्रमों को और गति देने की तैयारी में है।

# 'खेडां वतन पंजाब' की टॉर्च रिले जालंधर पहुंची, मंत्री मोहिंदर भगत ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जालंधर।** पंजाब के बागवानी, रक्षा सेवा कल्याण एवं स्वतंत्रता सेनानी मंत्री मोहिंदर भगत ने 'खेडां वतन पंजाब' सीजन-4 के तहत जालंधर पहुंची टॉर्च रिले का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त वरजीत वालिया, जिला योजना समिति के चेयरमैन अमृतपाल सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार खेल क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही है। सरकार ने खेलों के लिए 700 करोड़ रुपये का बजट रखा है, जिससे जमीनी स्तर पर खेल ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का विशेष ध्यान गांवों में खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के बेहतर अवसर देने पर है। गांव स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए मॉडल खेल मैदानों का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंत्री ने कहा कि खेलों को पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान से भी जोड़ा गया है। युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने और उन्हें नशे से दूर रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उपायुक्त वरजीत वालिया ने बताया कि 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026-27' सीजन-4 के तहत ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं 3 से 15 सितंबर 2026 तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 20 से 30 सितंबर तक और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 28 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी आधार कार्ड और आयु प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजाब खेल विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

# ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**पटियाला।** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह शनिवार शाम अपने विधानसभा क्षेत्र पटियाला ग्रामीण के कसियाना गांव पहुंचे। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर कथित रूप से नशे की आपूर्ति कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी थी कि गांव में एक व्यक्ति नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने अपने सुरक्षा कर्मियों को मौके पर भेजा और स्वयं भी गांव पहुंच गए। इसके बाद संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार नशे के खिलाफ निर्णायक अभियान चला रही है। नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशे की लत से जूझ रहे लोगों के उपचार और पुनर्वास पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा कि जो लोग नशे की लत छोड़कर सामान्य जीवन में लौटना चाहते हैं, सरकार उनके उपचार, परामर्श, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, जबकि नशे की लत से पीड़ित लोगों को उपचार और पुनर्वास के माध्यम से मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. बलबीर सिंह ने लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थों की तस्करी या आपूर्ति से जुड़ी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने ग्रामीणों की जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब को नशामुक्त बनाने के अभियान को जनसहयोग से ही और प्रभावी बनाया जा सकता है। इस मौके पर डीएसपी जंगजीत सिंह रंधावा भी मौजूद रहे।

# विधायक डॉ. इशांक कुमार ने विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर।** चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए विधायक डॉ. इशांक कुमार ने अधिकारियों को विकास परियोजनाओं की गति तेज करने और सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त आशिका जैन की मौजूदगी में जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित बैठक के दौरान विधायक ने शिक्षा, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि पांच शिक्षा ब्लॉकों के कुल 19,772 विद्यार्थियों को मुफ्त वर्दी वितरित की गई है, जिस पर 1.18 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 'स्कूल ऑफ हैप्पीनेस' पहल के तहत मोना कलां, पट्टी, मेहना और चब्बेवाल के चार सरकारी प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को 10 लाख रुपये की दर से कुल 40 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के मरम्मत एवं रखरखाव कार्यक्रम के तहत 10 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में नागरिक निर्माण कार्यों के लिए करीब 18.73 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा 25 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में नई चारदीवारी के निर्माण के लिए 87.45 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने इन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और उन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. इशांक कुमार ने विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 28,083 लाभार्थियों को सहायता मिल रही है। इनमें 17,425 लाभार्थी वृद्धावस्था पेंशन, 6,656 विधवा एवं बेसहारा महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, 1,434 आश्रित बच्चों के लिए वित्तीय सहायता तथा 2,568 दिव्यांग लाभार्थी वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। विधायक ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य विकास परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान करना है। विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ बिना अनावश्यक देरी के प्रत्येक पात्र निवासी तक पहुंचाया जाए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त राकेश कुमार मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब सरकार की संत परंपरा को बचाने की कोशिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बठिंडा-** सभी धर्मों को ध्यान में रखते हुए, पंजाब सरकार राज्य में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाने के लिए कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन में, एक शाम, भगवान शिव के नाम, मथुरा, ऋषिकेश, सालासर और वृंदावन जैसे सनातन धर्म के धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि हमारे लोग अपनी विरासत से जुड़े रहें। पंजाब मीडियम इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन नील गर्ग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। उनके साथ पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अमरजीत मेहता, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन जतिंदर भल्ला, सनातन सेवा समिति के जोन कोऑर्डिनेटर अमरीक सिंह और सनातन सेवा समिति के जोन इंचार्ज जीतपाल जस्सी भी थे। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी के तहत पंजाब सरकार 24 अगस्त को लोकल बलवंत गार्गी ऑडिटोरियम में मशहूर बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा और राहुल भूचर द्वारा तैयार हमारे राम नाटक पेश करेगी। इस मौके पर पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अमरजीत मेहता ने आम जनता को इस नाटक का हिस्सा बनने के लिए इनवाइट किया और कहा कि भगवान राम जी को समर्पित यह नाटक जनता की मांग को देखते हुए दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाटक के जरिए पंजाब सरकार युवाओं और बच्चों को अपनी गौरवशाली विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

## युवक का शव नाले में मिला, नशे में गिरने की आशंका

**कानपुर।** एयरपोर्ट के पीछे एक युवक का शव नाले में मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को निकाला। सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि दिनांक 22 अगस्त 2026 को समय करीब 11:00 बजे थाना महाराजपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि एयरपोर्ट के पीछे बहने वाले नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर शव की पहचान मनीष, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी शेखपुरा, थाना महाराजपुर के रूप में हुई। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि मृतक को विगत दिवस शाम करीब 4:00 बजे नाले के पास स्थित पुलिया पर बैठे हुए देखा गया था और वह नशे की स्थिति में प्रतीत हो रहा था। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर प्राप्त होने पर तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अभ्युदय संस्था ने चलाया वृक्षारोपण अभियान,100 से अधिक पौधे लगाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** 'अभ्युदय-एक नई शुरुआत' संस्था के तत्वावधान में शनिवार को नांगल देवत मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया कार्यक्रम में महिपालपुर वार्ड के पार्षद इंद्रजीत सहरावत उद्यान विभाग, नगर निगम की टीम के साथ मौजूद रहे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रंगपुरी स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिपद दास, शिक्षक और 70 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने पौधे लगाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया वृक्षारोपण अभियान में नांगल देवत के स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान सौ से अधिक पौधे लगाए गए। संस्था की निधि डंगवाल ने अभियान में सहयोग के लिए पार्षद इंद्रजीत सहरावत, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिपद दास और उद्यान विभाग की टीम का आभार जताया।निधि डंगवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से अभियान सफल रहा। संस्था की ओर से लगाए गए पौधों के रखरखाव और उनकी नियमित देखभाल का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम में रीना टोकस का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा अभ्युदय संस्था के सभी स्वयंसेवकों ने भी अभियान को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## सलिल विश्नोई ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आर्यनगर की समस्याओं से अवगत कराया



**कानपुर।** आज विधायक सलिल विश्नोई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से भेंट करके कानपुर की आर्यनगर विधान सभा क्षेत्र की बिजली, पानी की समस्या, सड़कों के सुधार तथा शहर भर में लगने वाले जाम इत्यादि विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा शीघ्रातिशीघ्र समस्याओं के निराकरण करवाने हेतु कहा। मुख्यमंत्री ने गम्भीरता पूर्वक समस्याओं को सुनकर समस्याओं दूर करवाने का आश्वासन दिया है।

# एसडीएम ने सीएचसी का निरीक्षण कर परखी स्वास्थ्य सुविधाएं और व्यवस्थाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को परखने के लिए एसडीएम अभिनव कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिली उन्हें दूर किए जाने के एसडीएम ने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ओपीडी, इमरजेंसी और प्रसव कक्ष सहित दवा वितरण कक्ष, रोगी पर्चा काउंटर, पैथॉलाजी, आयुष्मान केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने उपलब्ध दवाओं, जांच सुविधाओं एवं चिकित्सकीय उपकरणों के बारे में केंद्र अधीक्षक से समुचित जानकारी ली। एसडीएम ने एंबुलेंस की उपलब्धता और रखरखाव की भी समीक्षा की। एसडीएम ने जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली। सीएचसी केंद्र सहित केंद्र परिसर में साफ सफाई, शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था जांचते हुए एसडीएम ने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति विवरण रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई सहित अन्य जो कमियां पाई गई, एसडीएम ने उन्हें शीघ्र ही दूर किए जाने की निर्देश केंद्र अधीक्षक को दिए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि आने वाले हर एक रोगी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। इस दौरान केंद्र अधीक्षक डॉ अनिल शाक्य, डॉ रामकरण गौर, डॉ एमएस शर्मा, सुनीता पटेल सहित स्टॉफ के अन्य लोग मौजूद रहे।